# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शनिवार, 29 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 327 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.


सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री ओम बिरला**
माननीय लोकसभा अध्यक्ष

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**7800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण**

**29 मार्च, 2025** | **अपराह्न 12:00 बजे**

**स्थान : दशहरा मैदान, कोटा**

## राशि हस्तांतरण / शुभारंभ / विमोचन

- स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तान्तरण का शुभारम्भ
- मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान
- जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेलों का आयोजन
- स्किल नीति का विमोचन
- युवा नीति का विमोचन

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- अटल ज्ञान केंद्र
- नई किरण नशा मुक्ति केंद्र
- निजी क्षेत्र में रोजगार पर वित्तीय सहायता
- द्रोणाचार्य अवॉर्डियों को भूमि आवंटन



**रन फॉर फिट राजस्थान का शुभारम्भ**

29 मार्च, 2025 | प्रात: 7:00 बजे | अमर जवान ज्योति, जनपथ, जयपुर

**युवा कल्याण - बढ़ता राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# भजनलाल सरकार का विचार-सुशासन, विकास और समर्पणः आर्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा है कि सुशासन, विकास और समर्पण ही प्रदेश की भजनलाल सरकार की विचारधारा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य शुक्रवार को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे सप्ताहिक समारोह अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित सुशासन एवं विकास उत्सव में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य अतिथि में भीलवाड़ा में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। एडीएम अर्पिता सोनी व सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट ने अतिथियों का स्वागत किया। आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुविधाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार समग्र प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गति तीव्र हुई है। आज सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर मॉनीटरिंग व प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़े और सरकार के साथ कदम मिलाकर साथ चलें। हम परिवेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जागरूक करते हुए लाभान्वित करें। जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी वंचित व पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। इसके लिए हम सभी स्थानीय स्तर पर सजग प्रयास करें। सरकार का सुशासन व विकास का संकल्प हम सभी मिलकर पूरा करें। पंच गौरव पुस्तिका का किया विमोचन सुशासन एवं विकास उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख मेहन्द्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, डीएफओ वीरेन्द्र कृष्णिया, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट, सीपीओ भागचंद खारिया, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, आत्मा परियोजना निदेशक राजकुमार कुल्हरि, उद्योग महाप्रबंधक उजाला सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया। उपनिदेशक सेपट ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चूरू जिले की विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति के रूप में खेजड़ी, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सालासर बालाजी मन्दिर, एक जिला-एक उपज के रूप में ग्वारपाठा, एक जिला एक खेल के रूप में एथलेटिक्स, एक जिला-एक उत्पाद में वुडन उत्पाद चिन्हित किये गए है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव हेतु तैयार पुस्तिका में जिले के पंच गौरव की वर्तमान स्थिति तथा उनके विकास हेतु प्रस्तावित कार्य योजना का विवरण प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों को हैल्थ कवरेज (आरजेएचएस) योजना का विमोचन किया तथा यूडीएच, एलएसजी व राजस्व विभाग द्वारा डेलीगेशन के ऑर्डर, पं. दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, उप पंजीयक कार्यालय का समय सप्ताह में दो दिन सवेरे 8 बजे से सांय 8 बजे तक करने, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, अन्नपूर्णा भंडार के दिशा-निर्देश, जल जीवन मिशन (शहरी) के दिशा-निर्देश, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली 150 यूनिट मुफ्त बिजली के दिशा-निर्देश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इंसेंटिव स्कीम के दिशा-निर्देश, मा योजना के तहत न्यू पैकेज व नेत्र वाउचर स्कीम के निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना के निर्देश, नए जिलों में डीएमएफटी गठन के आदेश, विधायक जन सुनवाई केन्द्र के संबंध में दिशा-निर्देश, भवन निर्माण उपनियम, चिकित्सा एप्प लॉन्चिंग, ई-वर्क पोर्टल व ई-वर्क मोबाइल एप्प लॉन्चिंग, राजस्थान सम्पर्क 2.0 परियोजना का शुभारंभ किया।



## चेक गुम करने और सौदाबाजी का उपभोक्ता ने बैंक पर लगाया आरोप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के निकटवर्ती हरियाणा के बहल कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के शाखा के उपभोक्ता मनोज सोनी ने बैंक पर गंभीर आरोप लगाए हैं उनका कहना है कि उन्होंने वर्ष 2019 में बैंक में 100000 का चेक जमा किया था, लेकिन बैंक ने चेक को गुम कर दिया और अब बैंक मैनेजर ने उन्हें ?50000 लेकर मामला सुलझाने का प्रस्ताव दिया है मनोज सोनी ने बताया कि उन्होंने 10 फरवरी 2019 को चेक नंबर 42 076 6 को बैंक में जमा करवाया था, लेकिन कई दिनों तक चेक क्लियर नहीं हुआ इसके बाद उन्होंने बैंक मैनेजर से संपर्क किया लेकिन बैंक के तत्कालीन मैनेजर ने न केवल संतोषजनक जवाब देने में असमर्थता जताई, बल्कि 30000 से 50000 में समझौता करने का दबाव भी बनाया मनोज सोनी ने बताया कि बैंक की लापरवाही के कारण उन्होंने मानसिक एवं आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है और स्थानीय उपभोक्ता ने भी रिजर्व बैंक और बैंकिंग प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है इस घटना ने बैंकिंग प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## बूटियां गांव के व्याख्याता दलीप को मिली पीएचडी की उपाधि

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबला में कार्यरत व्याख्याता दलीप कुमार मीना को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा विद्या वाचस्पति (पीएचडी) उपाधि प्रदान की गई। गाँव बूटियां निवासी दलीप कुमार मीना ने अपना शोध कार्य राजकीय लोहिया महाविद्यालय के आचार्य डॉक्टर हेमंत मंगल के मार्गदर्शन में किया है साथ ही राजकीय कला महाविद्यालय सीकर के सह आचार्य डॉ.जितेंद्र डी सोनी ने शोध कार्य में शोधार्थी का समय-समय पर सहयोग किया।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक की आधारशिला रखी गई

### महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए भी स्थान आरक्षित करने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** शुक्रवार को स्थानीय सूर्य भवन मंदिर के पास वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक की आधारशिला रखी गई। महाराणा प्रताप युवा संगठन के केशव सोलंकी ने बताया कि चौक के लिए लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा था।

प्रताप युवा संगठन के बैनर तले सभी समाज के लोगों ने इस चौक के संघर्ष के लिए साथ दिया उन्होंने बताया कि जल्द ही वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति यहां पर लगाई जाएगी। इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरुनिसा टाक ,महंत गोपाल नाथ, महंत द्वारका नाथ,राजपूत महासभा के अध्यक्ष नाहर सिंह ,विक्रम सिंह रातुसर, मोहन सिंह, सवाई सिंह भाटी, प्रताप सिंह भाटी, ओम सिंह, श्रीराम व्यास, तेजपाल सिंह, बलदेव सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, शंकर सिंह, अजीत सिंह सोलंकी , अनिल सिंह, पार्षद गंगाराम पांडिया,राजकुमार सरावगी,पार्षद पवन कंदोई,पार्षद इरफान रावण, रामू जोशी, राजू सिंह सोलंकी , उदय सिंह, विक्रम भाटी समेत अनेक लोग उपस्थित थे। महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए स्थान आरक्षित करने की मांग इसके बाद राजपूत महासभा के अध्यक्ष नाहर सिंह बिरकाली,केशव सिंह सोलंकी और विक्रम सिंह रातूसर के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगो ने अधिशासी अधिकारी बसंत कुमार सैनी को ज्ञापन देकर महाराजा गंगासिंह चौक की स्वीकृति की मांग की । ज्ञापन में बताया गया है कि महाराजा गंगा सिंह राजस्थान समेत पूरे देश के लिए आदर्श है इन्हें राजस्थान का भागीरथ भी कहा जाता है और काफ़ी समय से सर्व समाज के लोगों द्वारा महाराजा गंगा सिंह चौक की माँग की जा रही है इसलिए सर्व समाज की भावना को देखते हुए यह स्वीकृति प्रदान की जाए ज्ञापन के समय सर्व समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



## स्वामी गोपाल दास चौक पर होगा गणगौर महोत्सव कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तीज त्यौहार बावड़ी ले डूबी गणगौर राजस्थान की यह कहावत विश्व प्रसिद्ध है, सनातन धर्म में गणगौर अंतिम तैयार के रूप में मनाया जाता है। 31 मार्च को गणगौर महोत्सव के तहत शहर के स्वामी गोपाल दास चौक पर लोक संस्कृति का भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजिका विमला शर्मा और जय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगा जो गढ़ चौराहे पर 5 गणगौरो के मिलन होने तक चलेगा। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा चंग और ढफ की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में लोकेश सिंधी, विनोद राठी, सुशील शर्मा, महेश हारित, रामोतार लोहिया, पंकज ओझा, सोनू हारित, सौरभ ओझा आदि उपस्थित रहे।

## कॉम काजियांन नौजवान कमेटी ने किया रोज़ा इफ़्तार का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय भारतीया कूवे के सामने झरिया वाली गली में कॉम काजियांन नौजवान कमेटी ने रोजा इफ्तार का अयोजन हर साल की तरह शानदार रखा जिसमे बड़ी तादाद में रोजेदार शामिल हुवे। इस दौरान मुख्य



वक्ता मक्की मस्जिद ईमाम हबीबुल्ला और इमाम तुफेलमदार ने दुवा कर वाकर रोजा खुलवाया और देश में अमन चौन भाई चारे व तरक्की की दुवाएं की। रोजे दारो के साथ नन्हे इब्राहीम और मोहम्मद रमजान ने भी रोजा खोला ।कार्य कर्म में हॉलसेल भण्डार चेयरमैन मोहनलाल गड़वाल, ऐं ई एन सुरेश शर्मा, जाकिर झरियावाला, कॉम काजियान सदर संजय भाटी,चुरू जिला अंजुमन अल -शबाब ,कमेटी अध्यक्ष जमील चौहान, पार्षद इस्माइल भाटी, पार्षद शाहरूख खान, मुबारक भाटी, आदि उपस्थिति थे। कॉम काजियान नौजवान कमेटी मोहम्मद असलम, आबिद, आसिफ़, मोहम्मद नाजिम, तौफीक, मोहम्मद इकबाल, बिल्लू पठान मुबारक हुसैन, सैय्यद हुसैन, अब्बदुला सहित, अली मोहम्मद, ने रोजा इफ्तार में आए रोजेदारों का इस्तकबाल किया।

## तारानगर पुलिस थाना में सीएलजी की बैठक में शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की

**सादुलपुर।** तारानगर पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला की अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ईद, हिन्दू नववर्ष, रामनवमी आदि पर्व को लेकर तारानगर थाना परिसर में शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। डीएसपी रोहित सांखला व थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की एवं कहा सभी नागरिक एक परिवार की तरह त्यौहार मनाये। अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें व कानून व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। डीएसपी सांखला ने उपस्थित सदस्यों ने सुझाव मांगे एवं अपने विचार सांझे किये। इस मोके पर समाज सेवी अमर सिँह चारण, जमर दीन तेली, मोहरसिंह ज्याणी, मोहम्मद तैयब, संजय कुमार, शिव कुमार शर्मा, बाबू हुसैन कुरैशी, मानसिंह सैनी, कैलाश चाचान, संजय कुमार वाल्मीकि, कुंदन सैनी सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार की वायदा खिलाफी से देश भर के अन्नदाता बेहद दुःखीः न्यौल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान-मजदूर-कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं कॉग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीति एवं वायदा खिलाफी से देश भर के अन्नदाता बेहद दुःखी हैं।

किसान नेता न्यौल आज यहां किसान कार्यालय में पंजाब के मोगा क्षेत्र से आये किसानों के सिस्ट मण्डल से बात-चित कर रहे थे। उन्होने कहा की राजस्थान के अन्नदाता से भी ज्यादा पंजाब के किसान दुःखी हैं, दिल्ली बोर्डर पर किसानों के विरूद्ध तीनों काले कानून थोपनें पर शोषित किसानों ने सरकार के विरूद्ध लम्बा आन्दौलन किया 750 से भी अधिक किसान आन्दौलन के दौरान शहीद हो गये अन्तोगत्वा मोदी सरकार ने तीनों काले कानून वापिस लेकर जो वायदे एमएसपी गारंटी कानून बनानें, किसानों की आय दौगुनी करने तथा आन्दौलन के समय किसानों पर हुए मुकदमें वापिस लेने जैस ठौस वायदे किये थे लेकिल आज दो वर्ष बित जाने के बाद भी उनकी क्रियान्वति नहीं कि जिससे किसान बेहद दुःखी हैं पंजाब के किसानों ने बात-चित के दौरान आज यहां बताया की जब तक हम देश भर के किसान एक जुट होकर सरकार के विरूद्ध आन्दौलन नहीं करेंगे तब तक सकारात्मक परिणाम नहीं आयेंगे। अन्होने राजस्थान और पंजाब में संयुक्त रूप से जन जागृति अभियान चलाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर सरदार लिछमण सिंह गिल, सुखचौन सिंह, गुरबाज सिंह, लक्ष्मणराम मेघवाल, कबिरदास स्वामी, हरिराम न्यौन सहित अनेक किसानों ने भाग लिया तत्पश्चात रविवार 30 मार्च 2025 से संयुक्त रूप से किसान जन जागृति करने का निर्णय लिया।

## चार दिवसीय नाट्य फेस्टिवल के दूसरे दिन जीवन की रिक्तता बयां कर गया 'खांचे'

### कलाकारों के सशक्त व दमदार अभिनय से दर्शकों नाटक से बांधे रखा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** जिंदगी की भागदौड़ में कुछ पल ऐसे थे, जो खाली रह गए। जिन्हें जीना चाहिए था। यही खाली पल बाद में बहुत खलते हैं। कुछ इसी तरह का संदेश देता नजर आया सतगुरू इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में मंचित नाटक खांचे। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अपना थियेटर, कलाअंकुर, आधुनिक नाट्यकला संस्थान, आप-हम संस्था, इंडियन लेडिज क्लब, न्यू आदर्श शिक्षा समिति, द टर्निंग पॉईट स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सतगुरू इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से चार दिवसीय नाट्य फेस्टिवल के द्वितीय दिन अभिनय गुरूकुल संस्था द्वारा अरू स्वाति व्यास के निर्देशन में नाटक खांचे मुख्य किरदार विनायक आचार्य के इर्द-गिर्द बुनी गई है। विनायक एक ऐसा व्यक्ति है, जो अपने जीवन को धीर-गंभीर और अनुशासित रूप से में जीना पसंद करता है। इस बीच वह अपने अति अनुशासित स्वभाव के कारण जीवन के उन पलों का आनंद लेने से महरूम हो जाता है। जो उनको जीने के लिए मिले थे। बचपन, युवा या वृद्ध आयु में वह आनंद से दूर रहता है। पतंगबाजी हो या सितौलिया खेलना या फिर होली के रंग और दोस्तों के साथ मटरगश्ती, विनायक इन सभी से महरूम रहता है। अंत समय में उनके जीवन में एक रिक्त स्थान रह जाता है। इन्हीं रिक्त स्थान को खांचे नाम दिया गया है। इस नाटक की कहानी मूल रूप से रघुनंदन त्रिवेदी की है। इसका नाट्य रूपान्तरण अरु व्यास ने तैयार किया है। नाटक को स्वाति अरु व्यास ने निर्देशित किया है। मुख्य किरदार विनायक के बचपन, युवा और वृद्धावस्था को तीन अलग-अलग कलाकारों सुधांशु मोहन, कमल, व कृष्णकांत व्यास ने मंच पर अपने अभिनय से जीवंत किया है। नाटक में लड़की (स्वरू व्यास), ख्वाहिश (खुशी व्यास), पत्नी (ऋतु चौहान, स्वाति व्यास), शिक्षक (कमल) टीनू (आदित्य नारायण व्यास), पोस्टमैन (पंकज पुरोहित), सूत्रधार (तनुज टांक) दोस्तों की भूमिका में, राहुल सेन, योगेश विश्नोई, द्रवित सिंह, लवजीत ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फेस्टिवल के प्रारंभ में अजमेर फेस्टिवल व प्रथम दिन मंचित नाटक के बारें में जानकारी दी गई। अंत में कलाकारों का सम्मान व नाट्य निर्देशक को माला पहनाकर आयोजकों की ओर स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शहर के रंगकर्मी, साहित्यकार व प्रबुद्धजन उपस्थित थे, जिनमें राजा डी थारानी, सुनील दत्त जैन, कंवल प्रकाश किशनानी, डॉ. हरबस दुआ, गिरधर तेजवानी, एस.पी.मित्तल, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, सोमरत्न आर्य, रमेश अग्रवाल, प्रीति तोषनीवाल, रास बिहारी गौड़, अनंत भटनागर, पवित्र कोठारी, श्रीमती श्वेता आनंद, हमेन्त भाटी, अनिल जैन, प्रहलाद पारीक,,, प्रशान्त अग्रवाल, पुष्पा लोढ़ा, डॉ. लाल थदानी, नरेश अगवानी, स्नग्धा, मेघा, पद्मा, विमलेश, भामिनी, वरिष्ठ रंगकर्मी लाखन सिंह, यॉबी जॉर्ज, निरंजन कुमार, राजेन्द्र सिंह, उज्जवल मित्रा, विष्णु अवतार भार्गव, नरेन्द्र भारद्वाज, विकल्प सिंह, हरीश बेरी, अरविंद, रतन, अंशुल, शैलूष, मुकेश, सतीश कुमार, जुम्मा खान, तरूण, मोहित, शब्बीर, तरूण कुमार, गिरराज, गोपाल बंजारा, कृष्ण गोपाल पाराशर, मृदुल भारद्धाज, सुचिर भारद्धाज, आदि समाजसेवी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

संस्था के राजेन्द्र सिंह ने बताया प्रथम दिवस की इस सफलता ने नाट्य फेस्टिवल के प्रथम दिन दर्शकों में जो उत्सुकता थी वही दूसरे दिन भी देखने को मिली। निश्चित रूप से यह समारोह अजमेर में नाट्कला को स्थापित करने में मददगार होगा। अगले दो दिन तक विभिन्न प्रकार की नाट्य प्रस्तुतियाँ अजमेर कला प्रेमियों को देखने को मिलेगी।

**कल शनिवार को मंचित नाटकः** 29 मार्च को शाम 6:30 बजे रसधारा सांस्कृतिक संस्थान् भीलवाड़ा के जाने-माने रंगकर्मी गोपाल आचार्य द्वारा नाटक भोपा भैरूनाथ का मंचन किया जायेगा। जो लोककथा पर आधारित यह नाटक, पारंपरिक नाट्य शैलियों के संगम से एक अद्भुत रंगमंचीय अनुभव प्रदान करेगा।

## सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाती वर्तमान पीढ़ी : प्रदीप पुरोहित

### महाराजा गंगा सिंह चौक के लिए भी स्थान आरक्षित करने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** गणगौर पूजा वर्षो से चली आ रही सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाती वर्तमान की पीढी पुष्करणा प्रदीप पुरोहित के निवास नोहर में करीब 35 युवतियों का समूह प्रातः काल हरि दूब लाने से गणगौर पूजा प्रारम्भ होती है फिर दूब से ढण्डे पानी दूध,दही के मिश्रण से गौर को स्नान करवा कर पूजा व श्रृंगार किया जाता है । श्रृंगार में प्रत्येक युवती सोलह सोलह बिंदी काजल व कुमकुम से अर्पित कर अपने सोलह श्रृंगार यानी अखण्ड सौभाग्य का आशीर्वाद लेती है । दोपहर में बंदौरा प्रारम्भ होता है जो आमंत्रण के अनुसार क्रम चलता है प्रत्येक मंगल कार्य के अलग अलग गीत गाये जाते है जैसे बाडी वाला बाडी खोल छोरयां आई दूब ने , म्है आज सवेरे उठ स्यां, गौर ए गणगौर माता खोल ए किवाडी , हे गौरी मैया मात गवरजा मैं पूजा करने आई हूँ, टीकी रामा के जामा, चूंदडी , आज म्हारो गौर बंदौरी निसरयो आदि पारंपरिक राजस्थान मनमोहक गीतो में उत्साह व जोश दिखाई देता है । इस समूह में प्रतिभा , कोमल, छवि, दिव्या, चारू, पूजा, पूनम, उदिता, मान्या, कुसुम, धापू, स्वाति, जयश्री, सपना, सलोनी, सोनल, मुस्कान, निकिता, ममता, भूमि, सिमरन आदि है इन सभी का मार्गदर्शन सन्तोष, राज कुमारी, पुष्पा, मनीषा बडे ही मनोयोग से करती है। गणगौर पूजा सोलह दिन चलती है।

## नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम पुनः अंकित करवाने की मांग

### मुस्लिम अमन इंसाफ़ समिति ने दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** शुक्रवार को मुस्लिम अमन इंसाफ़ समिति के कार्यकर्ताओ ने उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले पेयजल बिलो पर नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना का नाम दर्ज करवाने की मांग का ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताया गया है कि आज से साठ वर्ष पूर्व जब नोहर कस्बे में पेयजल समस्या थी और लोगो को तालाबो, कुओं और जोहड़ो से पीने का पानी अपने कंधों पर रख कर लाना पड़ता था उस वक्त स्वर्गीय श्री गौरीशंकर बिहानी ने श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना का निर्माण करवाकर नागरिकों के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया था । तब से विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले बिलों पर श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम अंकित होकर आता था लेकिन पिछले कुछ समय से विभाग द्वारा बिलो पर उक्त नाम हटा दिया गया है जिससे स्थानीय नागरिकों की भावना आहत हुई हैं और नागरिकों में रोष व्याप्त है । ज्ञापन में माँग की गई है कि अतिशीघ्र पेयजल बिलों पर श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी जल प्रदाय योजना नाम दर्ज करवाया जाए जिससे भामाशाह परिवार का सम्मान बना रहे ज्ञापन देने के समय मौलाना सिकन्दर, रुस्तम हिन्द, नियामत अली , पार्षद इरफान रावण, पूर्व पार्षद महबूब सोनू, फारूक रावण, ऐजाज अहमद, कबीर इमरान,मुबीन हिन्द समेत मुस्लिम अमन इंसाफ़ स्मिथ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एपी फाउंडेशन सदस्यों ने लगाए परिंडें

**सादुलपुर।** अपना परिवार फाउंडेशन के सदस्यों ने खैरथल सोडवास के निकटवर्ती गाँव किशोरपुरा मे गर्मी के चलते पक्षियों के लिए जगह जगह पानी के परिंण्डे लगाए अपना परिवार फाउंडेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा प्रियंका के निर्देशानुसार आगामी समय में युवाओं को नशे से बचाने हेतु दूध पिलाकर नशा मुक्ति अभियान चिकित्सा एवं पर्यावरण संबंधी जैसे अन्य सामाजिक कार्यक्रम किये जायेंगे इस अवसर पर विष्णु पंडित रतन लाल भाटी ओम जोधपुर मिष्टांन भंडार प्रदीप पंडित जी गोरधन पप्पू राम रमेश भाटी धनीराम पंडित जी लाला राम भाटी रति राम घागल आदि गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहें।



## श्रीराजपूत महासभा संगठन ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) को गद्दार कहकर किये गये अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं राष्ट्रविरोधी व्यक्तव्य के संदर्भ में उनकी राज्य सभा सदस्यता समाप्त करने की मांग को लेकर श्री राजपूत महासभा संगठन सादुलपुर की और से राजगढ एसडीएम मीनू वर्मा को राष्ट्रपति के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा और विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालो मे सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड, सुरेन्द्र सिंह राठौड, विजय सिंह गहलोत, चन्द्रभान नायक, एडवोकेट,रविन्द्र, संदीप सिंह, देबुसिह एडवोकेट, अशोक सिंह शेखावत, केसरी सिंह, लक्ष्मण सिंह राठौड, धर्मपाल सिंह, धुपसिंह आदि थे।



जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in
जयपुर, शनिवार, 29 मार्च, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 327 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.



खतरों के खिलाड़ी में गोविंदा की भांजी

पेज: 10

## वर्ष प्रतिपदा एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की शुभकामनाएं

### राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने की ऐतिहासिक पहल, सीएम शर्मा बोले...

# सशक्त, समर्थ, समृद्ध एवं अग्रणी राजस्थान के लिए कार्य करें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को वर्ष प्रतिपदा एवं राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनसे सशक्त, समर्थ, समृद्ध एवं अग्रणी राजस्थान बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री ने इस पवित्र अवसर से पूर्व जारी अपने संदेश में कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2006 (30 मार्च 1949) को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वृहद् राजस्थान का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। सृष्टि की रचना का आरंभ इसी दिन हुआ था। यह दिन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और महान सम्राट विक्रमादित्य की विजय का प्रतीक है। मां दुर्गा के नव रूपों की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि का भी यह पहला दिन होता है।

उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार ने सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर को मनाने की ऐतिहासिक पहल की है। शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेश के महान शूरवीरों, तपस्वियों, साधु-संतों, और मनीषियों को स्मरण करते हुए कहा कि श्रीगंगानगर से बांसवाड़ा और जैसलमेर से धौलपुर तक फैला देश का सबसे बड़ा प्रदेश राजस्थान अनेक विविधताओं के बाद भी अपनी साझी संस्कृति एवं विरासत के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि 8 करोड़ राजस्थानवासियों एवं प्रवासी राजस्थानियों के मन में राजस्थानी होने का एक ही भाव समाया हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रदेशवासी अपने-अपने घरों के बाहर दीपक जलाकर, द्वार पर बांधनवार लगाकर साज-सज्जा एवं रोशनी करें और परिजनों एवं नई पीढ़ी को शामिल करते हुए इस शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।



### विकसित राजस्थान के निर्माण में योगदान देने की युवा शक्ति से अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की युवा शक्ति से अपील की है कि वे ज्ञान, शक्ति और भक्ति का अर्जन करते हुए विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित राजस्थान-2047 के मिशन की ओर आगे बढ़ चुके हैं और विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में हमारे प्रदेश की अहम भूमिका होगी।

**उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम विकसित राजस्थान-2047 के मिशन की ओर आगे बढ़ चुके हैं**

## केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा

# मोदी सरकार ने 2 फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**1 जनवरी, 2025 से लागू होगा महंगाई भत्ता**

**1.15 करोड़ कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को होगा फायदा**

**48.66 लाख केंद्रीय कर्मचारी होंगे लाभान्वित**

**66.55 लाख पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन के साथ डीए 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा।

हालांकि, भत्ते में यह बढ़ोतरी बीते कुछ छमाही में सबसे कम है। काफी समय से ये सुर्खियों थी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ता को लेकर फैसला ले सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता अब 55 फीसदी हो चुका है। इससे पहले सभी कर्मचारियों को 53 फीसदी तक महंगाई भत्ता मिलता था। सरकार ने इससे पहले जुलाई 2024 के दौरान महंगाई भत्ते में इजाफा किया था। उस समय महंगाई भत्ते को 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी तक किया गया था। महंगाई भत्ते में हुए इजाफे से 1 करोड़ से अधिक केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा मिलने वाला है।

केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से ये मांग रही है कि उन्हें मिलने वाले महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया जाए। हालांकि पहले से ही ये अनुमान लगाया जा रहा था कि महंगाई भत्ते में 2 फीसदी तक इजाफा किया जाएगा।

**केंद्रीय रेलवे मंत्री ने किया ऐलान**

*केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 फीसदी का इजाफा किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ये उनकी सैलरी में 1 जनवरी से प्रभावित होना शुरू हो जाएगा।*

### केंद्र सरकार ने दी सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी

## सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली।** रक्षा के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक और सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। दरअसल, भारत ने 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसकी स्वीकृति के बाद यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा और हेलीकॉप्टरों का निर्माण कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके संयंत्रों में किया जाएगा।

# म्यांमार-थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही, सैकड़ों लापता



**मस्जिद जमींदोज तो बिल्डिंग बनी मलबे का ढेर**

**बैंकॉक में इमारत गिरने से 80 लोग लापता**

**भारत समेत 5 देशों से ज्यादा देशों में झटके**



**नेपीदा।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 8 0 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है।

इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

### जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामला

# जिंदा मिले बम पर फैसला आज आएगा

**चारों आरोपियों को 8 मामलों में हाईकोर्ट कर चुका बरी; दो जमानत पर बाहर**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले जिंदा बम मामले में शनिवार को फैसला आएगा। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में जज रविंद्र कुमार जोशी जिंदा बम प्लांट करने के मामले में 4 आरोपियों को फैसला सुनाएंगे। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने शनिवार को फैसले का दिन तय किया था। इससे पहले ब्लास्ट के 8 मामलों में यही अदालत करीब साढ़े 5 साल पहले आरोपियों को फांसी की सजा सुना चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने सजा को रद्द करते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिग है।

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम

### सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सुशासन का मंत्र

### भीलवाड़ा में राज्यस्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव, सीएम भजनलाल शर्मा बोले...

# प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित

**10 हजार करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

**विभिन्न विभागों की अनेक योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी**

**पत्रकारों के लिए 'राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना' का शुभारंभ**






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीलवाड़ा/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित विकास एवं सुशासन उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान के एकीकरण में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों को, विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब से हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय किया है।



▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर



## राजस्थान दिवस उत्सव, कर्तव्यनिष्ठा और विकास की शपथ के साथ संकल्पबद्ध हुआ प्रशासन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने और राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, स्वच्छता, हरित विकास और आत्मनिर्भरता के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को यह प्रेरणा दी कि वे शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनहित के कार्यों में पूर्ण निष्ठा से योगदान दें। इसी क्रम में जिले के अन्य सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में भी यह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। विभिन्न कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए यह शपथ ली। राजस्थान दिवस उत्सव के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम राज्य के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य को समर्पित होते हैं, जहां प्रशासनिक तंत्र और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों को किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वर्षभर में दी गई स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा संस्थानों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि



चिकित्सा योजनाओं के क्रियान्वयन में हमारा जिला अन्य जिलों की तुलना में बेहतर कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि हम अपने कार्यस्थल पर अपना सौ प्रतिशत दें। अपने आसपास कार्य कर रहे चिकित्सकीय स्टॉफ को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वह लोग भी मन लगाकर कार्य करें। बेहतर कार्य करेंगे, तो हमें बेहतर परिणाम मिलेंगे। चिकित्सा संस्थानों पर इलाज के लिए आने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सेवाएं एवं साफ-सफाई मिले। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की जानकारी देते हुए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए इससे बेहतर कार्यक्रम नहीं हो सकता है। हमें चिकित्सा संस्थानों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को समस्त एएनसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सही समय पर जांच एवं टीकाकरण से ही गर्भवती महिला का स्वास्थ्य एवं बच्चे का विकास सही प्रकार से हो सकता है। उन्होंने समस्त उपस्थिति को प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य विभागों के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत नए जुड़े प्रावधानों से सभी को रूबरू करवाया। इसके उपरांत पीएमएसएमए में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 चिकित्सा संस्थानों के मेडिकल ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने हीट वेव और मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा चिकित्सा संस्थाओं पर व्यापक प्रबंध रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ शहरी प्रियंका त्रिपाठी, डीएनओ बसंत गोयल, डीपीसी प्रवीण अवस्थी, पंकज शुक्ला सहित समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

## अवैध जल संबंधों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में अवैध जल संबंधों को हटाये जाने के लिये जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 22 मार्च से 27 मार्च तक कुल 156 जल संबंधों का चिन्हीकरण किया जाकर 94 जल संबंधों को काटा गया तथा 62 जल संबंधों को नियमित किया गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ऐसे पेयजल उपभोक्ता के द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई है। तथा अवैध जल संबंध को व्यक्ति द्वारा नियमित नहीं कराया गया है तो ऐसे उपभोक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अवैध जल संबंध के अभियान के तहत कार्यरत कार्मिकों को कार्य करने से रोकने एवं क्षति पहुंचाने पर राज्य कार्य में बाधा पहुंचाने के लिये भी ऐसे उपभोक्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**धौलपुर।** उपखण्ड सरमथुरा में नदी में डूबने से होतीलाल पुत्र पोथी निवासी भम्पुरा की मृत्यु हो गई थी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतक की आश्रित पत्नी लक्ष्मी को 1 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम के आतिथ्य में जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव संपन्न

### बहुमुखी विकास के कार्य कर सुशासन की संकल्पना हो रही साकार : प्रभारी मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन किया गया।

नगर परिषद के टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढ़म ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत कई योजनाओं का हुआ शुभारंभ

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10,000 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। साथ ही, राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका, ई-उपचार एप का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी गठन, तथा राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को





संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार बहुमुखी विकास के कार्य करते हुए सुशासन की संकल्पना को साकार कर रही है। स्वयं सहायता समूह से लेकर औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तक हर मोर्चे पर प्रभावी ढंग से कार्य किये जा रहे हैं एवं जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। सरकार ने ईआरसीपी को मूर्त रूप दिए जाने की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान की भूमि तर होगी, किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार यह संयोग है कि राजस्थान दिवस की तिथि और नव वर्ष संवत्सर एक साथ आया है। इसी दिन एकीकृत राजस्थान का गठन हुआ था। इसी उपलक्ष्य में अलग-अलग दिन आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं की क्रियान्विति के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में सभी अपने-अपने क्षेत्र में प्रयास करें और राजस्थान को आगे बढ़ाए, राजस्थान विकसित बनेगा तो निश्चित रूप से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी अतिथियों एवं आमजन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता जगमोहन बघेल, शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, धीर सिंह जादौन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सम्पदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिले की हवेली सम्पदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार सुबह 10.30 बजे नगर से सभागार में युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चुरु व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद शर्मा करेंगे मुख्य वक्ता प्रो.डॉ.सुरेंद्र सोनी व विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा व अनुराग शर्मा होंगे परिचर्चा में अनिल राठौड़ संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग बीकानेर संभाग ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे हवेली चित्र विशेषज्ञ डॉ के सी सोनी परीचर्चा का सारांश प्रस्तुत करेंगे राजस्थान दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में इतिहास के विद्यार्थी एवं शोधार्थी वह शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## मां शाकंभरी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव कल से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** श्री मां शाकंभरी सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा जन-जन की आस्था शक्ति आराधना का केंद्र शहर के दक्षिण दिशा में स्थित स्वरूपली डूंगरी पर विराजित श्री मां शाकंभरी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव का भव्य आयोजन 30 मार्च रविवार से आगाज होगा। चैत्र नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत 30 मार्च रविवार को मध्यान अभिजीत मुहूर्त 12.15 बजे वैदिक मंत्रों द्वारा मैया जी के घट स्थापना की जाएगी।

मां के भक्तों एवं उपस्थित यजमान द्वारा घट स्थापना के पश्चात मैया जी की दिव्य ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। दिव्यजोत के पश्चात मैया जी की महा आरती होगी महा आरती के बाद विद्वान पंडितों द्वारा मैया जी के चरणों में सस्वर दुर्गा सप्तशती के पाठ का पठन होगा। जैसा की विदित है कि श्री मां शाकंभरी का दिव्य श्रृंगार इस महोत्सव के प्रत्येक दिवस को काफी मनमोहक होता है जिससे



मैया जी की छवि देखते ही बनती है व मैया जी के दिव्य दर्शन होते हैं। देवी भागवत में भी वर्णित श्री मां शाकंभरी की महिमा का गुणगान किया गया है कि यह मैया शुद्ध सात्विक एवं शाक की देवी है जिसके कारण से मैया जी को 9 दिवस में शुद्ध सात्विक प्रसाद चढ़ाया जाता है तथा प्रसाद में भक्त जनों का विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है कि भक्तों द्वारा नवरात्रि के व्रत में उनका कोई व्यवधान नहीं पहुंचे इस बात का पूर्णतया ध्यान रखा जाता है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि नवरात्र में पूर्ण मनोयोग द्वारा की गई प्रार्थना को मां स्वीकार करती है तथा मनोवांछित फल देने वाली धात्री है इस कारण चैत्र तथा अश्विन नवरात्रों में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भक्तों एवं श्रद्धालुओं की टोलिया डीजे के साथ तथा माताजी के जयकारे लगाते हुए श्री मां के चरणों में शीश झुकाने एवं प्रसाद चढ़ाने के लिए मैया के दरबार में पहुंचते हैं। मैया जी भी सभी भक्तों की इच्छा पूर्ण करती है मनोवांछित प्रार्थना पूर्ण होने पर भक्त जनों द्वारा नवरात्रि में जात जड़ूला और स्वामणी का भी आयोजन करते हैं। ग्रामीण अंचलों से भी धूमधाम से डीजे की स्वर लहरियों के साथ मैया जी के जयकारे करते हुए भक्तजन मैया के दरबार में दर्शन के लिए आते हैं ।

# पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गड़बड़ी का आरोप पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगर निकाय और पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गडबडी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अब राज्य सरकार के खिलाफ मुखर हो गई है। शुक्रवार को चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खीचड के नेतृत्व में मिटिंग का आयोजन किया तत्पष्चात नगर निकाय और पचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव और गडबडी का आरोप लगाते हुए चूरू जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खीचड ने कहा कि भजनलाल सरकार की ओर से नगर निकायों के सीमांकन परिसीमन पुनर्गठन तथा पंचायती राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरित



और नियम विरूद्ध है, साथ ही राजनीतिक दुर्भावना से किया जा रहा है, मनमाने तरीके से नगर निकायों एंव पंचायती राज संस्थाओं में किए जा रहे है, इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस दौरान पीसीसी महासचिव रामजीलाल शर्मा, डीसीसी संगठन महामंत्री उम्मेद सिंह, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, कोषाध्यक्ष डीसीसी रामनारायण व्यास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, रमजान खां, षिवकुमार शर्मा, अली मो. भाटी, विधाधर बेनीवाल, सीताराम खटीक, प्रदीप कुमार तोदी, रामेष्वर प्रजापति, लालचंद सैनी, श्रवण बसेर, रामप्रताप कांटिवाल, प्यारेलाल दानोदिया, चन्दनमल मेघवाल, विजयपाल भुवाल, मोहन आर्य, विनोद खटीक, असलम खान मोयल, अजीज दिलावरखनी, गणेष ढाका, धमेन्द्र, राजेन्द्र रणवां, घनष्याम अलवरिया, दिनेष कस्वां, डूंगरसिंह राठौड, असलम खान, अषोक पुनियां, काजी मोहम्मद अब्बास, अदनान कुरेषी, विधाधर मेघवाल, हर्ष लाम्बा, कुरडाराम भाकर, जयचंद मेघवाल, प्रेमचंद, प्रमेन्द्र सिहाग, किषानाराम बाबल सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद रहें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस विधि प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम हुसैन एवं ब्लॉक प्रवक्ता विमल शर्मा ने किया।

# राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताह के चौथे दिन सुशासन समारोह का आयोजन

### जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बांटे लाभार्थियों को पट्टे, सूचना केन्द्र में लगी फोटो प्रदर्शनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चले रहे साप्ताहिक कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को जिला स्तरीय सुशासन समारोह सूचना केन्द्र सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन सरकार होने से प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा सबको साथ लेकर चलने की भावना का ही परिणाम है कि प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र के लोगों को मुख्य धारा में लाकर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं जिला प्रशासन की सजगकता के साथ जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प. दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, राजस्थान पत्रकार हैल्थ योजना , सुशासन की कड़ी में शिकायत निस्तारण के लिए राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 2.0 योजना का शुभारम्भ, ई गर्वनेंस अवार्ड, अन्नपूर्णा भण्डार, 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, विधानसभावार जनसुनवाई केन्द्र स्थापित करने के कार्य से आमजन को फायदा मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 26 करोड़ रूपये के शिलान्यास एवं एक हजार करोड रूपये के लोकार्पण के कार्य प्रदेश में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने जिले की पंच गौरव पुस्तिका के विमोचन एवं सहकारिता वर्ष फोल्डर के विमोचन के बाद कहा कि यह पुस्तिका आमजन एवं किसानों के लिए उपयोगी साबित होगी। गहलोत ने 14 करोड़ रूपए की लागत से नगर परिषद में बंद पड़े ऑडिटोरियम के कार्य को पुन: प्रारम्भ करवाने के लिए भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयासों को सराहा।

समारोह के दौरान पंच गौरव पुस्तिका एवं सहकारिता वर्ष के फोल्डर का विमोचन तथा नगर परिषद की ओर से जारी किए गए पट्टों का वितरण भी अतिथिगणों द्वारा किया गया। समारोह में झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू, जिला कलक्टर रामावतार मीणा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, बनवारीलाल सैनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक शरद चौधरी, प्यारेलाल ढूकिया, पवन मावंडिया, सरजीत चौधरी, कमलकांत शर्मा, महेश जीनगर, रवि सैनी नवलगढ़, चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान रोहताश, सरोज श्योराण, जयसिंह मांठ, वर्षा सोमरा, रवि लांबा, विजय सैनी, इंद्राज सैनी, एसीईओ रामनिवास चौधरी, कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सहकारिता उपरजिस्ट्रार विभा खेतान, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, बीएसएसओ निखिल कुमार, पार्षद चंदप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद झाझड़िया ने किया।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाएगा राजस्थान दिवस:** मंत्री गहलोत ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाए जाने के सीएम के फैसले का स्वागत करते हुए पूरे सप्ताह को समारोह पूर्वक मनाने को ऐतिहासिक बताया।



## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में किया गया खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि 'शक्ति-संघर्ष 2024-25' का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शारीरिक शिक्षक अरविंद गुसारियां के निर्देशन में कक्षा नर्सरी से छह तक के विद्यार्थियों के लिए 100 और 200 मीटर रेस,हर्डल रेस और जंपिंग रेस जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, वहीं कक्षा सात से ग्यारह तक के विद्यार्थियों के लिए 100,200 व 400 मीटर रेस, क्रिकेट और वॉलीबॉल मैच का आयोजन छात्र और छात्रा वर्ग के लिए किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य ने विजेताओं को मैडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया कर सभी को सफल आयोजन हेतु बधाई दी।

## चूरू के रोहित सोनी को मिली विधि विषय में पीएचडी की उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आज दिनांक 26 मार्च 2025 बुधवार को हरिभाऊ बागडे राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की अध्यक्षता में वह विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल केतकर के आतिथ्य में संत मीराबाई सभागार विश्वविद्यालय परिसर बीकानेर में नव दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमे माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा चूरू के रोहित सोनी ऐडवोकेट को



डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी विधि क्यों उपाधि प्रदान की गई रोहित सोनी ने विधि संकाय में भारतीय विधि आयोग द्वारा 2015 में प्रस्तुत की गई 257 नंबर रिपोर्ट मैं संरक्षक और विधियों का एक विश्लेष्णात्मक अध्ययन शीर्षक पर शोध प्रबंध के स्वीकृत होने के उपरान्त यह उपाधि प्रदान की गई रोहित सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा वरीष्ठ ऐडवोकेट अनंत राम सोनी अपने पिता एडवोकेट विनोद कुमार सोनी वह माँ ऊजास सोनी को दिया जिला मुख्यालय पर रोहित सोनी सोनी उनके भाई ऐडवोकेट राहुल सोनी तीनों पीढ़ियां एक साथ मिलकर विधि के क्षेत्र में इसके बारे दे रहे हैं बॉस।

## संयुक्त निदेशक मनोज मोहश्वरी का जनसंपर्ककर्मियों ने किया अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित सूचना केन्द्र में डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने अपने माता-पिता स्व. सुशीला देवी व रामस्वरूप माहेश्वरी की स्मृति में एयर कंडीशनर भेंट किया। इस अवसर पर एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, संजय गोयल, बजरंग मीणा, विजय रक्षक, सिंकदर खान आदि जनसंपर्ककर्मियों ने संयुक्त निदेशक माहेश्वरी का माला



पहनाकर अभिनंदन किया। एपीआरओ मनीष कुमार ने संयुक्त निदेशक मनोज माहेश्वरी का सहयोग व अनुकरणीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया। जनसंपर्ककर्मियों ने डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, प्रेरक सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रोग्रामर प्रमोद प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर निर्मल कुमार, सहायक प्रोग्रामर गुरप्रीत लबाना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने कहा कि उनके माता-पिता की सेवा भावना से ही एक प्रयास किया है। संसाधनगत विकास में सहयोग से देश-प्रदेश की सेवा एक अच्छी पहल साबित होगी।

## राजकीय अवकाश 29 से 31 मार्च तक खुलेगा परिवहन कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के अंतिम तीन दिवस शेष होने के कारण परिवहन विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति हेतु राजकीय अवकाश 29 से 31 मार्च तक परिवहन कार्यालय अलवर नियमित रूप से खुला रहेगा तथा कार्यालय में पंजीयन, लाइसेंस, कर संग्रहण, चालानों के निस्तारण इत्यादि कार्य सम्पादित किए जाएंगे। वार्षिक देयता वाले ऐसे भार वाहन जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर अभी तक जमा नहीं कराया गया है के वाहन स्वामी अपना कर तीन दिवसों में जमा करावे अन्यथा 3 प्रतिशत शास्ति एवं कर राशि के बराबर प्रशमन राशि की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के वाहन स्वामी भी तीन दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर ई-रवन्ना एमनेस्टी के अन्तर्गत 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाते हुए प्रकरणों का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा नष्ट/खुर्द-बुर्द हो चुके वाहनों हेतु भी एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत नष्ट होने की दिनांक तक कर जमा करवाने पर नष्टीकरण दिनांक से आगे के कर, ब्याज एवं शास्ति में पूर्ण छूट दिए जाने का प्रावधान है। वाहन स्वामी नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर एमनेस्टी योजना का लाभ उठावे।

## राष्ट्रीय पक्षियों को जहर देकर मारा, 1 शिकारी को किया गिरफ्तार

**कुचामन सिटी।** राजस्थान के चितावा थाना क्षेत्र के नंगवाडा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत भवन के पास 10 मोर मृत अवस्था में मिले। इसी दौरान ग्रामीणों ने एक और मोर का शिकार कर भाग रहे दो शिकारियों को पकड़ा। पकड़े गए शिकारियों में से एक भाग निकला। दूसरे आरोपी की पहचान जिजोट निवासी कानाराम (23) के रूप में हुई। आरोपी के पास से जहरीले दाने बरामद हुए, जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। सरपंच एडवोकेट मनोज लोरा के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि सभी 10 मोरों की मौत भी इसी गिरोह ने की है। मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय वन अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कुचामन न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपी को 8 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। सभी 11 मृत मोरों का कुचामन के पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद उनका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने पूरे गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने ली गृह विभाग की समीक्षा बैठक | प्रदेश की सभी जेलों में चलाएं सघन तलाशी अभियान

# जेल परिसर में अवांछित सामग्री मिलने पर संबंधित जेल प्रशासन के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों को मजबूत एवं आधुनिक बनाने के लिए जेल विभाग को आवश्यकता अनुरूप सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जेल विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए किजेल परिसर में अपराधियों द्वारामोबाइल फोन इस्तेमाल की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश की सभी जेलों में पुलिस और मजिस्ट्रेट द्वारा नियमित एवं औचक तलाशी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जेलों में अवांछित सामग्री मिलने पर संबंधित जेल प्रशासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।उन्होंने ऐसे प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर जेल में अवैध सामग्री पहुंचाने वाले नेटवर्क में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जेल परिसर में सीसीटीवी वृद्धि से निगरानी व्यवस्था मजबूत बनाएं: मुख्यमंत्री

शर्मा ने प्रदेश की जेलों में आवश्यकता अनुरूप सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि करते हुए जेल परिसर में निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जेल परिसर में तैनात कार्मिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले गैजेट्स को भी परिसर से बाहर रखवाए जाने की व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्मिकों को कार्यव्यवस्था के अनुसार समय-समय पर बदला भी जाए। उन्होंने चालानी गार्ड्स को भी समय-समय पर बदलने के निर्देश दिए।

जेल परिसर में नवीन वीसी रूम के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की जिन जेलों का स्थान परिवर्तन किया जाना है, उनके लिए शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने जेल परिसर में आधुनिक प्रणाली के मोबाइल जैमर लगाने सहित जेल प्रशासन में लम्बित चल रही अन्य विभागीय कार्यवाहियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल परिसर में नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए, ताकि न्यायालय में अपराधी की पेशी वीसी के माध्यम से कराई जा सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेन्स संजय कुमार अग्रवाल, महानिदेशक जेल गोविन्द गुप्ता, पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जॉर्ज जोसफ एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा दिनेश एमएन सहित विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेना के मुद्दों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा : मुख्य सचिव पंत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में प्री-सीएमएलसी (Pre-Civil Military Liaison Conference) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में रक्षा भूमि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि रक्षा भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही कर समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए। पंत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सेना को हर प्रकार से सहयोग दिया जा रहा है तथा उनके मुद्दों का प्राथमिकता से उचित हल निकाला जाएगा। उन्होंने जिलों में वर्क्स ऑफ डिफेन्स एक्ट के उल्लंघन के मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए भी जिला कलक्टरों को निर्देश दिये।

रक्षा भूमि पर अतिक्रमण के मामलों को गंभीर विषय बताते हुए मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन एवं सैन्य अधिकारियों को आपसी सहयोग से सीमांकन संबंधी मुद्दों को सुलझाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित जिला कलेक्टर से उनके जिले के प्रकरणों के बारे में जानकारी ली और उन्हें राजस्व विभाग के साथ बैठक कर समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने की दिशा में इस बैठक को प्रत्येक तीन माह में आयोजित किया जाये। उन्होंने दक्षिण पश्चिम कमान की टुकड़ी का 26 जनवरी, 2026 को आर्मी डे परेड के लिए नामांकन होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने परेड की तैयारियों के लिए सहायता का भी आश्वासन दिया।

बैठक में हेडक्वाटर साउथ वेस्टर्न कमांड के चीफ ऑफ़ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस वान्द्रा, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, आनंद कुमार, वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, अपर्णा अरोड़ा, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार, जेडीए आयुक्त आनन्दी, अन्य विभागों के उच्च अधिकारी एवं सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# अल्पसंख्यक मामलात विभाग में हुआ शपथ समारोह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को निदेशालय, अल्पसंख्यक मामलात विभाग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निदेशक मातादीन मीना द्वारा शपथ दिलवाई गई। उल्लेखनीय है कि राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नव संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस को सप्ताह-पर्यंत आयोजन के रूप में मनाने की घोषणा की गई है।

निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात विभाग मातादीन मीना ने बताया कि निदेशालय में 'राजस्थान दिवस सप्ताह-पर्यंत उत्सव' के हिस्से के रूप में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित प्रारूप के अनुसार राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार, प्रतिवर्ष 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है लेकिन 30 मार्च 2025 को राजपत्रित अवकाश होने के कारण, 28 मार्च, 2025 को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह में मुख्य लेखाधिकारी मुन्ना लाल टोडीवाल, सहायक निदेशक सुशील कुमार सहित सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हज यात्रा-2025 के लिए तीसरी किस्त 3 अप्रैल तक होगी जमा

**जयपुर।** हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा सूचित किया गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय सांगानेर एयरपोर्ट, जयपुर से हज-2025 पर जाने वाले सभी हाजियों को तीसरी किस्त की राशि 57,500/- प्रति हज यात्री के रूप में 3 अप्रैल 2025 तक जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त, यदि हज आवेदन करते समय हज कमेटी के माध्यम से कुर्बानी का विकल्प चुना गया है, तो 16,600/- की अतिरिक्त राशि भी जमा करनी होगी। इस प्रकार, कुर्बानी सहित कुल राशि 74,100/- 3 अप्रैल 2025 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई के खाते में जमा करना अनिवार्य है। जो शिशु (इन्फेंट) यात्रा प्रारंभ करने के दिन 2 वर्ष से कम आयु का होगा, उसके लिए 15,750/- प्रति शिशु की राशि भी जमा करानी होगी। साथ ही, जिन हज आवेदकों पर पहले से कोई बकाया राशि है, उन्हें वह भी इस किश्त के साथ निर्धारित तिथि तक जमा करनी होगी। हज कमेटी की वेबसाइट www.haj-committee.gov.in पर जाकर वास्तविक जमा राशि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और शेष राशि जमा करने के लिए चालान जनरेट किया जा सकता है। यह अवश्य ध्यान रखें कि हज अदायगी की पूरी राशि निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने पर यात्रा रद्द कर दी जाएगी और प्रतीक्षा सूची के आवेदकों का चयन किया जाएगा।

# गुलाबी नगरी में राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन

## भारत माता के जयकारों से पथ संचलन का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्र सेविका समिति जयपुर विभाग का शुक्रवार को झोटवाड़ा में पथ संचलन निकाला। घोष वादन के साथ कदम से कदम मिलाती सेविकाएं उत्साह के साथ पथ संचलन में चल रही थी। सैंकड़ों की संख्या में समिति से जुड़ी युवतियां एवं महिलाएं इसमें शामिल थी। पथ संचालन झोटवाड़ा आदर्श विद्या मंदिर के खेल मैदान से प्रारंभ होकर कांटा चौराहा, कालवाड़ रोड होते हुए मेडिकल सेंटर से पुनः खेल मैदान में आकर समापन हुआ। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। भारत माता के जयकारों के साथ पूरा वातावरण देशभक्ति मय हो गया। राष्ट्र सेविका समिति जयपुर प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुखा नर्बदा इन्दौरिया ने कहा कि महिलाएं परिवार की धूरी होती है। राष्ट्र सेविका समिति देश सेवा का संस्कार देती हैं।

# राजस्थान पर्यटन को मिले पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरस्कार

## केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से पर्यटन सचिव रवि जैन ने ग्रहण किए पुरस्कार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश को पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के पर्यटन सचिव रवि जैन को पुरूस्कार प्रदान कर किए। नई दिल्ली के एक होटल में शुक्रवार को आयोजित इंडिया टूडे सर्वेक्षण और पुरूस्कार 2025 समारोह में पुरूस्कार ग्रहण करने के बाद पर्यटन सचिव रवि जैन ने बताया कि जयपुर जिले के आमेर किले को बेस्ट हेरिटेज श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ विरासत गंतव्य श्रेणी) में, कुंभलगढ़ को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पर्वतीय गंतव्य श्रेणी) तथा बीकानेर का बेस्ट कलीनेरी डेस्टीनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पाक-कला) श्रेणी में यह तीन पुरूस्कार दिए गए हैं। इस अवसर पर सिक्किम में पर्यटन मंत्री, विभिन्न राज्यों के पर्यटन सचिव और पर्यटन अधिकारियों सहित राजस्थान पर्यटन के दिल्ली स्थित कार्यालय के सहायक निदेशक छतरपाल यादव भी उपस्थित थे।

# पांच अभियंता सहित एक सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय को किया निलंबित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली के जवाई क्लस्टर चतुर्थ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जांच कमेटी की प्राथमिक जांच में पाई गई गंभीर अनियमितताओं को लेकर 5 अभियंताओं सहित एक सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय को निलंबित कर दिया है।

आदेशानुसार महेन्द्र कुमार तत्कालीन अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग जिला खण्ड झुंझुनू, महेन्द्र कुमार वर्मा, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, परियोजना खण्ड झुंझुनू, रामलाल मीना, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कुचामन, प्रतिभा कटारिया, तत्कालीन सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल सहायक अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, क्षेत्र जोधपुर स्थानान्तरणाधीन, प्रेमराज मीना, तत्कालीन सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल सहायक अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, (परियोजना) परियोजना खण्ड मंडरायल जिला करौली सहित युधिष्ठिर सिंह, तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम पाली हाल कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति रोहट, जिला पाली को निलंबित किया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शासन सचिवालय जयपुर में रहेगा।

# तीन दिवसीय 'प्रवासी आर्ट प्रदर्शनी और क्रिएटिविटी वर्कशॉप' का हुआ शुभारंभ

## प्रवासी राजस्थानी समुदाय ने राजस्थान की कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया गौरवान्वितः उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की कला और संस्कृति विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। प्रवासी राजस्थानी समुदाय ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान की समृद्ध कला, संस्कृति और कारीगरों की अनूठी कला को संवर्धन और संरक्षण करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्थान फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर जवाहर कला केंद्र में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित 28 से 30 मार्च तक तीन दिवसीय 'प्रवासी आर्ट प्रदर्शनी और क्रिएटिविटी वर्कशॉप' का शुक्रवार को उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुभारंभ किया।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल प्रवासियों के हुनर व कला के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करने का एक मंच है, बल्कि यह प्रवासी राजस्थानियों और उनके गृह राज्य के बीच सांस्कृतिक सेतु को और अधिक मजबूत करने का भी अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है, इससे प्रवासी समुदाय का राज्य से जुड़ाव और अधिक प्रगाढ़ होगा। उन्होंने वर्कशॉप में ज़ेंटैंगल्स आर्ट और वाटर कलर पेंटिंग सीख रहे प्रतिभागियों के साथ संवाद किया और वर्कशॉप में पारंपरिक खेलों बाघ-बकर, चार-भर और सोलह गुटियां, चतुरंग सेट, रज्जू सरपा, निन्यानवे का फेर आदि पर भी हाथ आजमाया। इस दौरान कर्नल राठौड़ ने जावहर कला केन्द्र में ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण (रुडा) द्वारा आयोजित शिल्पांगन प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का अवलोकन कर



हस्तशिल्पियों से संवाद किया। शिल्पांगन में टेक्सटाइल व मिनिएचर पेंटिंग, लकड़ी, पत्थर व संगमरमर हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित कृतियां और आभूषण के साथ-साथ चर्म उत्पाद, मोजड़ी, जयपुर ब्लू पॉटरी को प्रदर्शित किया गया।

राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ मनीषा अरोड़ा ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से 5 देशों और 8 राज्यों के प्रतिभाशाली प्रवासी राजस्थानियों की कलाकृतियों को पहली बार एक साथ लाया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रतनगढ़, चूरू से कोलकाता में बसे प्रवासी राजस्थानी अमन गोपाल पिछले कई वर्षों से पारंपरिक रॉयल बोर्ड गेम्स को पुनर्जीवित एवं प्रोमोट करने का काम कर रहे हैं। डॉ. अरोड़ा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के प्रवासी राजस्थानियों की कलात्मक प्रतिभा को एक मंच प्रदान किया गया है जिसमें पारंपरिक शाही बोर्ड गेम्स, ज़ेंटैंगल्स, आकर्षक कशीदाकारी, पेंटिंग्स और स्कल्पचर्स जैसी विभिन्न कलात्मक अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही, क्रिऐटिवटी वर्कशॉप में युवाओं को ज़ेंटैंगल्स आर्ट, वाटर कलर पेंटिंग और पारंपरिक रॉयल बोर्ड गेम्स के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# आई.सी.डी.एस. अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनने की ली शपथ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय (आई सी डी एस) परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निदेशक आईसीडीएस ओ पी बुनकर द्वारा शपथ दिलवाई गई।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित प्रारूप अनुसार राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि राजस्थान



दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नव संवत् चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के सप्ताह-पर्यंत आयोजन के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। परंपरा के अनुसार, प्रतिवर्ष 30 मार्च को राजस्थान दिवस मनाया जाता है। 30 मार्च 2025 को राजपत्रित अवकाश होने के कारण, दिनांक 28 मार्च 2025 को 'राजस्थान दिवस सप्ताह-पर्यंत उत्सव' के हिस्से के रूप में उक्त शपथ समारोह का आयोजन किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**
E-mail :- eephedsojat@yahoo.com, Ph. No. 02960-222148, Fax No. :- 02960-222148

No. PHE/TA/NIT/2024-25/7289-7302 Date :- 25.03.25

**निविदा सूचना संख्या : 128/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in NIB Code No. PHE2425A5545 UNB No. PHE2425WSOB12155** पर देखा जा सकता है।

**(M.K. Meena)**
**EXECUTIVE ENGINEER**
**P.H.E.D. DN. SOJAT CITY**

**DIPR/C/4390/2025**

## सुविचार

पत्थर अगर कीचड़ में मरोगे तो कीचड़ आपको ही लगेगा।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### सांगा पर संग्राम

राणा सांगा पर सड़क से लेकर संसद तक संग्राम है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को 'गद्दार' कहने वाले बयान पर विवाद छिड़ा है। राज्यसभा में भी राणा सांगा को लेकर खूब हंगामा बरपा हुआ है। शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, बवाल हो गया। सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सत्तापक्ष के सदस्य राणा सांगा को लेकर रामजीलाल सुमन के बयान के विरोध में नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से इस पर अपना स्टैंड साफ करने की अपील की और कहा कि मैं नहीं मानता कि ये विचार अकेले रामजीलाल सुमन के हैं। इस पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि किसी का अपमान करने वाली टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन कानून अपने हाथ में लेकर इन्होंने जो किया है, घर पर जाकर तोड़फोड़ करते हैं। दलितों के खिलाफ अत्याचार हम कभी सहन नहीं करेंगे। संविधान कभी किसी के घर को जलाने की इजाजत नहीं देता। आप कानून को हाथ में नहीं ले सकते हैं। बुलडोजर चलाना गलत है। वहीं कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राणा सांगा इस देश के हीरो थे। आप (सभापति) कहते हैं कि जो बात कार्यवाही से हटा दी गई है, उसे दोहराया नहीं जाता है। आज क्या हो रहा है। यही तो दोहराया जा रहा है। हम मानते हैं कि किसी भी जाति-वर्ग के महापुरुष का अपमान नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में आप किसी दलित के घर में तोड़-फोड़ करोगे, दलित का घर जलाओगे? इसके बाद बीजेपी के सांसद राधामोहन अग्रवाल का गुस्सा दिखा। भाजपा सांसद राधामोहन अग्रवाल ने उग्र तेवर में कहा कि रामजीलाल सुमन ने उसी दिन ये कह दिया होता कि गलती से बोल दिया तो ये मुद्दा खत्म हो गया होता। लेकिन उन्होंने कहा कि मर भी जाएं तो अपनी बात वापस नहीं लेंगे। अब जब तक रामजीलाल सुमन और कांग्रेस पार्टी, दोनों एक साथ खड़े होकर माफी नहीं मांगेंगे, तब तक हम समझौता नहीं करने जा रहे। इसके बाद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम राणा सांगा की वीरता का सम्मान करते हैं। वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान किसी को भी किसी का घर जला देने, तोड़फोड़ करने, बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने की इजाजत नहीं देता। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसे जाति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि रामजीलाल सुमन दलित हैं इसलिए ऐसा हुआ। यह सेंटीमेंट है। यह एक सांसद के बयान का मुद्दा है। इसका दलित होने से कोई नाता नहीं है। सत्तापक्ष और विपक्ष की इस तकरार में सभापति जगदीप धनखड़ को दखल देना पड़ा।

## इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025

# विरोध के बीच लोकसभा में पारित



विजय कपूर

अगर कोई व्यक्ति नकली पासपोर्ट या वीज़ा का प्रयोग करके भारत में प्रवेश करता हुआ या अंदर रहता हुआ या बाहर जाता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे सात वर्ष तक की कैद की सजा और दस लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। यह आप्रवास और विदेशियों से संबंधित विधेयक, 2025 का मुख्य प्रावधान है, जिसे 27 मार्च 2025 को लोकसभा में वोइस वोट से पारित किया गया। हालांकि विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक में अनेक संशोधन करने के सुझाव दिए थे, लेकिन उनमें से एक को भी सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इस विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जो लोग भारत में व्यापार, शिक्षा व निवेश के लिए आते हैं उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग सुरक्षा के लिए खतरा हैं, उन्हें सख्त कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है।

अमित शाह के अनुसार, देश की सुरक्षा व अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने, निर्माण व व्यापार को प्रोत्साहित करने, शिक्षा व्यवस्था को ग्लोबल मान्यता हासिल करने और विश्वविद्यालयों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अर्जित कराने के लिए यह विधेयक आवश्यक है। इससे जो भी विदेशी भारत आएगा उसकी अप-टू-डेट सूचना मिलना सुनिश्चित होगा। जो भी व्यक्ति भारत आएगा उसकी कड़ी निगरानी यह विधेयक सुनिश्चित करता है, ऐसा गृहमंत्री का दावा है। विधेयक पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा, तृणमूल और कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने पहले असम में और फिर पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को गुसपैठ करने दिया। उनके मुताबिक़ घुसपैठ के लिए सुरक्षा बलों पर आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन इसके लिए असल दोषी पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार और असम में कांग्रेस की पूर्व सरकारें हैं। भारत की बांग्लादेश के साथ सीमा 2,216 किमी लंबी है, जिसमें से 1,653 किमी पर फेंसिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 563 किमी में से 112 किमी पर भौगोलिक स्थितियों के कारण फेंसिंग संभव नहीं है, लेकिन 412 किमी पर फेंसिंग इसलिए अधूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल की सरकार भूमि नहीं दे रही है। गृहमंत्री के मुताबिक़ जब अगले वर्ष पश्चिम बंगाल में बीजेपी विधान सभा चुनाव जीत जाएगी तो घुसपैठ की समस्या समाप्त हो जाएगी। अमित शाह ने कहा, "अगर बंगाल सरकार आधार कार्ड जारी न करे तो कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता।"

आगे बढ़ने से पहले यहां दो बातों को स्पष्ट करना आवश्यक है। एक, यूआईडीएआई या भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। यह भारत के सभी निवासियों को आधार नामक एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी करने के लिए ज़िम्मेदार है। इसका अर्थ यह है कि 12-अंकों वाला व्यक्तिगत पहचान नंबर का आधार कार्ड भारत सरकार की तरफ से यूआईडीएआई जारी करती है और राज्य के नोडल अधिकारी को 30-दिन की निर्धारित




इमेज

अवधि के भीतर केवल किसी की पहचान पुष्टि पर आपत्ति दर्ज करने का अधिकार है। निर्धारित अवधि में अगर यह आपत्ति नहीं आती है तो आधार कार्ड के आग्रह को स्वीकार कर लिया जाता है। दूसरा यह कि भारत के गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), जोकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है, की ज़िम्मेदारी है कि वह भारत की जो पाकिस्तान व बांग्लादेश के साथ सीमाएं हैं उनकी सुरक्षा करे और कोई घुसपैठ न होने दे। सीमा प्रबंधन की पूर्णतः ज़िम्मेदारी भारत के गृह मंत्रालय पर है। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाया था बल्कि उसका पूरा चुनाव प्रचार ही इसी मुद्दे पर आधारित था और तब भी विपक्षी दलों ने यही कहा था कि सीमा की सुरक्षा व वहां से घुसपैठ रोकने की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है न कि राज्य सरकारों की। केंद्र में 2014 से बीजेपी की सरकार है। बहरहाल, लोकसभा में विपक्ष ने विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की, जिसे सरकार ने यह कहकर ठुकरा दिया कि जिस समय विधेयक को पेश किया गया और जब उस पर विचार किया गया, उसके बीच में सुझाव देने का पर्याप्त समय था। विपक्ष ने सुझाव अवश्य दिए लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। विपक्ष इस विधेयक पर विस्तृत विचार करने के लिए जेपीसी के पास इसलिए भेजना चाहता था; क्योंकि इसमें कुछ खास विदेशियों को कानून से छूट देने का प्रावधान है साथ ही इमीग्रेशन अधिकारियों को मनमानी शक्तियां प्रदान की गई हैं। इस विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि विवाद के संदर्भ में इमीग्रेशन अधिकारी का निर्णय 'अंतिम व अनिवार्य' होगा। विपक्ष को डर है कि कहीं सरकार अपने आलोचकों को टारगेट करने के लिए इस प्रावधान का दुरूपयोग न करे। क्योंकि इस प्रावधान का अर्थ है कि न अपील, न बहस और न वकील, जो इमीग्रेशन अधिकारी कह दे बस वही ठीक, ऐसा कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी का कहना है। ध्यान रहे कि हाल ही में ब्रिटेन की शिक्षाविद नताशा कौल और अमेरिका की समाजवादी राजनीतिज्ञ क्षमा सावंत को भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। विपक्ष का यह भी कहना है कि विधेयक में कानून व मौलिक अधिकारों के बीच संतुलन का अभाव है। विपक्ष का मोदी सरकार पर आरोप है कि अवैध घुसपैठ को चुनावों में तो मुद्दा बनाया जाता है, लेकिन 11 साल ऑफिस में रहते हुए इस मुद्दे को संबोधित नहीं किया गया है। द्रमुक को लगता है कि जो 90,000 श्रीलंकाई तमिल पिछले तीन दशक से भारत में रह रहे हैं, उनके हित इस विधेयक से प्रभावित होंगे। अगर इस विधेयक की तुलना अन्य देशों के इमीग्रेशन कानूनों से की जाए तो अमेरिका में इमीग्रेशन न्यायाधीश होते हैं और कनाडा में विवादों के निपटारे के लिए इमीग्रेशन एंड रिफ्यूज बोर्ड है। इस प्रकार की कोई व्यवस्था भारत में प्रस्तावित नहीं है, जबकि उसका होना ज़रूरी है। विधेयक में एक प्रावधान यह भी है कि इमीग्रेशन अधिकारी 'क्षतिग्रस्त' पासपोर्ट को ज़ब्त कर सकते हैं, जबकि 'क्षतिग्रस्त' को परिभाषित नहीं किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ जाती है कि इमीग्रेशन अधिकारी अपनी मनमर्ज़ी से किसी के भी पासपोर्ट को 'क्षतिग्रस्त' घोषित करके उसे ज़ब्त कर सकते हैं और उनके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकती। एक अन्य विवादित प्रावधान यह है कि अगर किसी विदेशी पर अवैध हरकत का शक है तो उसे हेड कांस्टेबल गिरफ्तार कर सकता है और उसे दो से सात साल तक की कैद की सज़ा हो सकती है। विपक्ष का सुझाव था कि यह अधिकार कम से कम इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को दिया जाना चाहिए था। इस सुझाव को भी ठुकरा दिया गया।

## पंचांग

शनिवार, 29 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - अमावस्या 16.29 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - उत्तराभाद्रपद 19.28 तक
- योग - ब्रह्म 22.05 तक
- करण - किंस्तुघ्न 26.41 तक
- सूर्योदय - 06.37 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.50 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.35 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.56 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन
- अभिजित् मुहूर्त - 12.19 से 13.08
- राहु काल - 09.39 से 11.11
- व्रत, त्यौहार - पंचक, दर्श अमावस्या, खंडग्रास सूर्य ग्रहण, शनि मीन में 21.40
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## वास्तु शास्त्र

### घर में सुख, समृद्धि लाएं विंड चाइम्स

मधु सिंह

विंड चाइम सिर्फ घर की डेकोरेशन के लिए एक डेकोरेटिव महत्व की चीज ही नहीं है यह इसके अलावा और बहुत कुछ है। यह घर के बरामदे या बागीचे की शोभा बढ़ाती है। इनसे टकराकर जब हवा गुजरती है तो इनसे जो मधुर स्वर निकलते हैं, उससे घर में नकारात्मक वाइब्स दूर होती हैं और हमारे आसपास का वातावरण शांतिपूर्ण और प्रेरक हो जाता है। पवन के झोंके विंड चाइम्स की झनकार को बाहरी तौरपर ही नहीं, हमारे भीतर भी गुंजायमान करते हैं। ये हमारे भीतर भी हवा का एक संगीत निर्मित करती है और हम खुद को प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़ा महसूस करते हैं। विंड चाइम्स में बजने वाली ध्वनि एक सुखद ध्वनि से ज्यादा और कुछ है। वास्तुशास्त्र के मुताबिक़ इसका कंपन हमारे भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करता है। यह हमारे जीवन में सौभाग्य, सुख, समृद्धि लाता है, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। विंड चाइम का उपयोग मानव सभ्यता में हजारों सालों से होता आ रहा है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। इसकी हर झनझनाहट को ईश्वर या प्रकृति का संदेश माना जाता था। यही वजह है कि विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में इसका खासा महत्व है। घर और आसपास के माहौल को शांति और सकारात्मक बनाने के लिए अपने गार्डेन, बरामदे या घर के जिस भी हिस्से में हम विंड चाइम लगाना चाहते हैं, उसे लगाने से पहले हमें कुछ बातों पर गौर करना चाहिए। जिस जगह के लिए हम विंड चाइम खरीदना चाह रहे हैं, उस जगह के अनुरूप ही हम मिट्टी, कांच, लकड़ी, धातु या सिरेमिक की विंड चाइम ले सकते हैं। विंड चाइम खोखली नली वाली ही खरीदनी चाहिए, इससे मधुर ध्वनि आती है। पीतल या स्टील की बनी विंड चाइम में रॉड की संख्या 6 से 7 होनी चाहिए। बांस की विंड चाइम में रॉड की संख्या तीन चार होती है। इको फ्रेंडली यह विंड चाइम घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है।

## तारीख विशेष

### मंगल पांडे का विद्रोह

'भारतीय इतिहास' में 29 मार्च, 1857 का दिन अंग्रेज़ों के लिए दुर्भाग्य के दिन के रूप में उदित हुआ। पांचवी कंपनी की चौंतीसवीं रेजीमेंट का 1446 नं. का सिपाही वीरवर मंगल पांडे अंग्रेज़ों के लिए प्रलय-सूर्य के समान निकला। बैरकपुर की संचलन भूमि में प्रलयवीर मंगल पांडे का रणघोष गूंज उठा-

"बंधुओ! उठो! उठो! तुम अब भी किस चिंता में निमग्न हो? उठो, तुम्हें अपने पावन धर्म की सौगंध! चलो, स्वातंत्र्य लक्ष्मी की पावन अर्चना हेतु इन अत्याचारी शत्रुओं पर तत्काल प्रहार करो।" मंगल पांडे के बदले हुए तेवर देखकर अंग्रेज़ सारजेंट मेजर ह्यूसन उसने पथ को अवरुद्ध करने के लिए आगे बढ़ा। उसने उस विद्रोही को उसकी उद्दंडता का पुरस्कार देना चाहा। अपनी कड़कती आवाज़ में उसने मंगल पांडे को खड़ा रहने का आदेश दिया। वीर मंगल पांडे के अरमान मचल उठे। वह शिवशंकर की भांति सन्नद्ध होकर रक्तगंगा का आह्वान करने लगा। उसकी सबल बाहुओं ने बंदूक तान ली। उसकी सधी हुई उंगलियों ने बंदूक का घोड़ा अपनी ओर खींचा और घुड़ड़ घूंsss का तीव्र स्वर घहरा उठा। मेजर ह्यसन घायल कबूतर की भांति भूमि पर तड़प रहा था। उसका रक्त भारत की धूल चाट रहा था। 1857 के क्रांतिकारी ने एक फिरंगी की बलि ले ली थी। विप्लव महायज्ञ के पुरोधा मंगल पांडे की बंदूक पहला 'स्वारा' बोल चुकी थी। स्वातंत्र्य यज्ञ की वेदी को दस्यु-देह की समिधा अर्पित हो चुकी थी। खबरदार, जो कोई आगे बढ़ा! आज हम तुम्हारे अपवित्र हाथों को ब्राह्मण की पवित्र देह का स्पर्श नहीं करने देंगे। ह्यसन को धराशायी हुआ देख लेफ्टिनेंट बॉब वहां जा पहुंचा। उस अश्वारूढ़ गोरे ने मंगल पांडे को घेरना चाहा। पहला ग्रास खाकर मंगल पांडे की बंदूक की भूख भड़क उठी थी। उसने दूसरी बार मुंह खोला और लेफ्टिनेंट बॉब घोड़े सहित भू-लुंठित होता दिखाई दिया। गिरकर भी बॉब ने अपनी पिस्तौल मंगल पांडे की ओर सीधी करके गोली चला दी। विद्युत गति से वीर मंगल पांडे गोली का वार बचा गए और बॉब खिसियाकर रह गया। अपनी पिस्तौल को मुंह की खाती हुई देख बॉब ने अपनी तलवार खींच ली और वह मंगल पांडे पर टूट पड़ा। पांडे की तलवार का ऐसा वार पड़ा कि बॉब का कंधा जड़ से कट गया।

## विनोद कुमार शुक्ल

# मानवीय अंतर्दृष्टि के अप्रतिम कवि

लोकमित्र गौतम

हताशा में एक व्यक्ति बैठ गया था/व्यक्ति को मैं नहीं जानता था/हताशा को जानता था/इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया/मैंने हाथ बढ़ाया/मेरा हाथ पकड़ कर वह उठ खड़ा हुआ/मुझे वह नहीं जानता था/मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था/हम दोनों साथ चले/दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे/साथ चलने को जानते थे। इस कविता में साथ चल सकने की संभावना की जो गहरी अंतर्दृष्टि है, वह हमें हतप्रभ कर देती है। इसी के कारण कविता मनुष्यता का विराट ब्रह्मांड बन जाती है। छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में रहने वाले विनोद कुमार शुक्ल गहरी अंतर्दृष्टि के साहित्यकार हैं। उन्हें वर्ष 2024 के लिए 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ के मुताबिक़ विनोद जी को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और अपनी विशिष्ट लेखन शैली के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। वह हिंदी के 12वें ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही वह ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले लेखक हैं।

सुप्रसिद्ध कथाकार और खुद भी ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में प्रवर परिषद द्वारा उन्हें पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया। चयन समिति में माधव कौशिक, दामोदर मावजो, प्रभा वर्मा, डा. अनामिका, डा. ए. कृष्णा राव, प्रफ्फुल शिलेदार, डा. जानकी प्रसाद शर्मा और ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसूदन आनंद शामिल थे। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। उनका पहला कविता संग्रह श्लगभग जय हिंदश् 1971 में प्रकाशित हुआ था। इसके ठीक दस सालों बाद उनका दूसरा कविता संग्रह 'वह आदमी चला गया' आता है। लेकिन इसके 2 साल पहले उनका चर्चित उपन्यास 'नौकर की कमीज' भी आ चुका और चर्चित हो चुका होता है। इसलिए उनके आठ कविता संग्रहों, छह उपन्यासों और पांच कहानी संग्रहों के बीच यह तय कर पाना बहुत मुश्किल है कि वह मूलतः कवि हैं, उपन्यासकार हैं, कथाकार हैं या बाल साहित्यकार हैं जैसे कि हाल के सालों में उन्होंने पाने बाल साहित्य लेखन से ध्यान खींचा है। विनोद शुक्ल के उपन्यास 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने 1999 में 'नौकर की कमीज' नाम से एक फिल्म भी बनाई थी, जिसमें पंकज सुधीर मिश्रा, अनु जोसेफ़ और ओम प्रकाश द्विवेदी ने काम किया था। अपनी एक अलग लेखन शैली के लिए लोकप्रिय विनोद कुमार शुक्ल ने बड़ों के साथ बच्चों के लिए भी लिखा है, 'हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़' उपन्यास समेत बच्चों उनकी कई और किताबें हैं जैसे- 'बना बनाया देखा आकाशा, बनते कहां दिखा आकाश', 'गमले में जंगल', 'पेड़ नहीं बैठता', 'एक चुप्पी जगह'। जिस तरह से हर तरफ उनके लेखन का स्वागत हुआ है,उसी तरह हर सम्मान भी उन पर खूब मेहरबान रहे हैं। अमेरिकन नाबोकॉव अवॉर्ड पाने वाले पहले एशियाई लेखक हैं। कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुंदरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे अनेक पुरस्कार उन्हें लगातार मिलते रहे हैं। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी दिया गया है। दुनिया भर की भाषाओं में उनकी किताबों के अनुवाद हो चुके हैं। उनका लेखन सरल भाषा, गहरी संवेदनशीलता और अद्वितीय शैली के लिए जाना जाता है। वह मुख्य रूप से हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं।

उनकी भाषा बहुत ही सहज और सरल होती है, लेकिन उसमें गहरी दार्शनिकता छिपी होती है। वे साधारण जीवन के अनुभवों को इतने अनूठे ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि वे असाधारण लगने लगते हैं। दरअसल विनोद जी धीमी गति और धीरजपूर्ण शैली के लेखक हैं। उनकी रचनाएं तेज घटनाक्रम या नाटकीय मोड़ों पर आधारित नहीं होतीं बल्कि उनमें अपनी ही तरह की एक स्थिरता होती है। उनके उपन्यासों में घटनाएं बहुत धीरे-धीरे खुलती हैं, मगर उनकी गूंज लंबे समय तक बनी रहती है। विनोद कुमार शुक्ल के लेखन में जादुई यथार्थवाद की झलक मिलती है, इसीलिए उनके यहां आम जीवन में भी एक प्रकार की अलौकिकता और काव्यात्मकता देखने को मिलती है। उनके पात्र आमतौर पर साधारण लोग होते हैं- किसान, शिक्षक, छोटे कर्मचारी दृ लेकिन वे अपने विचारों, भावनाओं और दृष्टिकोण में असाधारण होते हैं। वे अपने जीवन की छोटी-छोटी चीज़ों में गहरा आनंद और काव्यात्मकता खोजते हैं। हालांकि यह कह पाना आसान नहीं है कि वह कवि ज्यादा अच्छे हैं या गद्यकार लेकिन उनकी भाषा बुनियादी रूप से काव्यात्मक है। इसलिए उनकी गद्य रचनाओं में भी एक विशिष्ट किस्म की काव्यात्मकता है। उनका गद्य अक्सर दृश्यात्मक और जीवंत होता है, जो पाठकों को एक अलग अनुभव देता है। उनकी कहानियों और उपन्यासों में महानगरों की- श्यावलियां बहुत कम मिलती हैं,लेकिन छोटे शहरों और गांवों के बेहद यथार्थपरक चित्रण मिलते हैं। लेकिन वे इसे किसी आदर्शवाद या नॉस्टैल्जिया के चश्मे से नहीं देखते। उनका फोकस मनुष्य और उसकी सहज प्रवृत्तियों पर रहता है। उनके लेखन में एक सूक्ष्म हास्य और व्यंग्य भी देखने को मिलता है, जो न तो कटु होता है और न ही आक्रामक, बल्कि समाज की छोटी-छोटी विडंबनाओं को उजागर करने का माध्यम बनता है। उनके लेखन में प्रकृति और जीवन का अनूठा रिश्ता पूरे मनोवेग से मौजूद होता है। उनकी कृतियों में पेड़, पक्षी, बारिश, और धूप मात्र सजावटी तत्व नहीं होते, बल्कि वे मानवीय भावनाओं के प्रतीक बन जाते हैं।



## गीता सार

**इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।**
**निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः॥**
**न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम्।**
**स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः॥**

**हिंदी अर्थ –**

जिनका मन सम भाव में स्थित है, उनके द्वारा यहां संसार में ही लय (मुक्ति) को प्राप्त कर लिया गया है, क्योंकि ब्रह्म निर्दोष और सम है, इसलिए वे ब्रह्म में ही स्थित है। जो प्रिय को प्राप्त होकर हर्षित नहीं होता और अप्रिय को प्राप्त होकर उद्विग्न नहीं होता, वह स्थिरबुद्धि, संशयरहित, ब्रह्म को जानने वाला पुरुष परब्रह्म में नित्य स्थित है।

## बोले तो...



बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भले ही डूब रही हो, लाखों लोगों ने अपनी आजीविका खो दी हो, मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई हो, लेकिन बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके विश्वासपात्रों ने साढ़े सात महीने बहुत अच्छे से गुजारे हैं।

- मोहम्मद ए. अराफात



साफ संकेत हैं कि हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की भलाई को लेकर चिंतित हैं। लेकिन परेशानी ये है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हो रही है, वरना हम अपनी चिंताओं को सीधे पाकिस्तान के सामने बता सकते थे और समस्या का निवारण करने की मांग कर सकते थे।

- शशि थरूर



हम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं। फरवरी 2025 में हिंदू समुदाय के खिलाफ अत्याचार के 10 मामले और सिख समुदाय से संबंधित तीन घटनाएं हुईं। ईसाई समुदाय से संबंधित एक मामला था। एक व्यक्ति पर पाकिस्तान में ईशनिंदा का आरोप लगा था।

- एस. जयशंकर

## कुछ अलग | अजब गजब

# ऑनलाइन बिक रहा दो कमरों का घर, छोटे परिवारों के लिए एकदम पर्फेक्ट

आजकल ऑनलाइन सामान बड़ी आसानी से मिल जाते हैं। आप घर बैठे फोन पर कुछ बटन दबाकर ही अपना मनचाहा सामान ऑर्डर कर सकते हैंष पर क्या आप जानते हैं कि अब आप ऑनलाइन घर भी ऑर्डर कर सकते हैं? इन दिनों एक घर के खूब चर्चे हैं, जो एक ऑनलाइन सामान बेचने वाले पोर्टल पर उपलब्ध है। ये 2 कमरों का छोटा सा मकान है जो छोटे परिवारों के लिए पर्फेक्ट है, पर जब आप इसकी कीमत सुनेंगे, तो तुरंत ऑर्डर करने का मन हो जाएगा क्योंकि ये बहुत सस्ते दाम में उपलब्ध है।

रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर हाल ही में एक छोटा घर बिक रहा है जिसमें 2 कमरे और एक लिविंग स्पेस भी मौजूद है। घर के लिए कहा गया है कि इसे वो लोग भी खरीद सकते हैं, जिनके पास अपने घर तो हैं, पर वो मेहमानों के लिए अलग से एक लिविंग स्पेस चाहते हैं। इसे किराये पर चढ़ाकर पैसे भी कमाए जा सकते हैं।

ये घर 20 फीट की चौड़ाई और 2.4 मीटर की सीलिंग है। चीन से आप इसे फ्री शिपिंग के साथ ऑर्डर कर



सकते हैं। इसके लिए करीब 2 महीने डिलीवर होने में लग जाते हैं। ये प्रोडक्ट समुद्र के रास्ते भेजा जाता है और सीधे ग्राहक के दरवाजे तक लाया जाता है। आप अपने से घर का लुक तय कर सकते हैं क्योंकि इसमें अलग-अलग रंग भी मौजूद हैं। सफेद, काला और भूरा एक्सटीरियर भी मौजूद है।

घर की कीमत

अगर किसी कारण से आपको अपना घर नहीं पसंद आया, तो आप घर को रिटर्न भी कर सकते हैं, कंपनी आपको पैसे भी लौटा देगी, हालांकि, तय समय के अंदर ही घर को लौटाना होगा। अगर आप थोड़ा बड़ा घर भी चाहते हैं, तो वो भी उपलब्ध है। ये 30 फीट और 40 फीट के साइज में भी उपलब्ध हैं। अब चलिए करते हैं कीमत की बात तो 20 फीट वाला घर महज 5.9 लाख रुपए में मिल रहा है। वहीं 30 फीट वाला 8.7 लाख रुपए और 40 फीट वाला घर 9.8 लाख रुपए का मिल रहा है।

## पाठक पाती

### जांच आयोग की रिपोर्टें डाल दीं जातीं ठंडे बस्ते में

जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। यह एक आम प्रवृत्ति है जिसमें सरकारें जांच आयोगों का गठन करती हैं ताकि वे जनता की आक्रोश को शांत कर सकें, लेकिन जब रिपोर्ट तैयार हो जाती है, तो उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं किया जाता है। इस समस्या का एक मुख्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर सरकारों के लिए असुविधाजनक होती हैं। इन रिपोर्टों में अक्सर सरकारों की नीतियों और कार्यों की आलोचना की जाती है, जो सरकारों के लिए अप्रिय होती है। इसलिए, सरकारें अक्सर इन रिपोर्टों को नजरअंदाज कर देती हैं या उनके सिफारिशों पर अमल नहीं करती हैं। एक अन्य कारण यह है कि जांच आयोगों की रिपोर्टें अक्सर समय के साथ पुरानी हो जाती हैं।

- सुभाष बुड़ावन वाला,रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## भंवर म्हाने पूजण दो गणगौर, सिर पर मंगल कलश लेकर निकली महिलाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर में गणगौर पर्व की धूम शुरू हो गई है। घर-घर में गणगौर के गीत गूंज रहे हैं।



कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर पाने, नवविवाहिता और महिलाओं को अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ गणगौर पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। यह पर्व पूरे 16 दिनों तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में शहर के हर गली मोहल्ले से नवविवाहित महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं सोलह श्रृंगार करके बैंड बाजे के साथ शहर के कनोई पार्क से सिर पर मंगल कलश लेकर निकलती है। जहां पर ईशर गणगौर की पूजा अर्चना कर उत्सव मनाती है। सोलह दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में महिलाओं का सोलह श्रृंगार देखते ही बनता है। शहर के किले के पास ऊपरला बास की सैकड़ो महिलाओं ने बैंड बाजे के साथ यह कलश यात्रा निकाली एवं विधि विधान द्वारा ईशर गणगौर की पूजा अर्चना की। ओर फिर डीजे की स्वर लहरियों पर नाच गाना भी किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मीनाक्षी जोशी, सुशीला जोशी, राज कंवर, शकुन्तला कंवर, भव्या चौहान, वीणा अग्रवाल, भावना सहित काफी औरतों ने भाग लिया और गणगौर पूजा में श्रद्धा पूर्वक भागीदारी निभाई।

### पृष्ठ 1 का शेष....म्यांमार-थाईलैंड में....

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया। म्यांमार में एतिहासिक शाही महल मांडले पैलेस के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं, सागाइंग क्षेत्र के सागाइंग टाउनशिप में एक पुल भूकंप में पूरी तरह नष्ट हो गया। राजधानी नेपीता के अलावा क्यौकसे, प्यिन ऊ ल्विन और श्वेबो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इन शहरों की आबादी 50 हजार से ज्यादा है।

### प्रदेश को समृद्ध और विकसित....

**पिछली सरकार का शासन था भ्रष्टाचार का पर्याय**-मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन में महिला उत्पीड़न, पेपर लीक की घटनाएं, बिजली की किल्लत, जल जीवन मिशन में घोटाले, ईआरसीपी के नाम पर राजनीति एवं आर्थिक कुप्रबंधन जैसे मामलों से प्रदेश अराजकता और अव्यवस्था की गिरफ्त में रहा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में केवल जनता को दिखाने के लिए इन्वेस्टमेंट समिट किया था। जबकि हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। साथ ही, इस समिट में हुए एमओयू को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

**हमने राज्य में बढ़ाई विकास की रफ्तार**-शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। हमारी सरकार किसान, युवा, मजदूर, महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमने किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने का लक्ष्य रखा है, साथ ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न नीतियां जारी की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वाराजल जीवन मिशन में 12 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, पेपर लीक प्रकरणों में गिरफ्तारी, राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू, राम जल सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते जैसे जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जा रहा है।

**सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी**-मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अनुसार अच्छा शासन वही है, जो लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुसार काम करे। इसी को ध्येय मानते हुए हमारी सरकार आमजन की बेहतरी और कल्याण के लिए काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि 30 मार्च 1949 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही वृहद् राजस्थान का गठन हुआ था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति की परंपरा को कायम करते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है और अच्छी नीति व नीयत के साथ ही सुशासन स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ के निवेश एमओयू हुए हैं, जिससे प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री की पहल पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन हो रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कलेक्ट्रेट पर दिया धरना, पंजाब सीएम का पुतला फूंका

## नई राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के विरोध में जिला कलेक्टर को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** केंद्र सरकार की शह पर पंजाब की आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार द्वारा किसान नेताओं के साथ वार्ता के नाम पर चंडीगढ बुलाकर खनौरी व शंभू बॉर्डर पर आंदोलनरत किसानों को खदेड़ने व किसान नेताओं को गिरफ्तार करने की कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्व्यापी आह्वान पर देशभर में सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन व मुख्यमंत्री भगवंत मान के पुतला दहन कार्यक्रम के तहत झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, क्रांतिकारी किसान यूनियन व जय किसान आंदोलन की तरफ से धरना-प्रदर्शन किया गया तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। धरना पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड फूलचंद ढेवा, राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, कामरेड महेंद्र सिंह कुलहरि, अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड गिरधारीलाल महला, जिला सचिव कामरेड मदन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष कामरेड विजेंद्र सिंह कुलहरि, जय किसान आंदोलन के प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड कैलाश यादव, जिला सचिव सूर्यप्रकाश शर्मा, क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिला संयोजक कामरेड पोकरसिंह झाझडिया, महताब चौधरी, कामरेड रोतास काजला, कामरेड मनफूल सिंह रायपुर जाटान, कामरेड राजबीर कुलड़िया, महेश चौमाल, फूलचंद बुडानिया, रामस्वरुप गजराज, सहदेव कस्वां, केशरदेव कालेर, कप्तान मोहनलाल, बलवान बलवदा, रामनिवास बेनीवाल, त्रिलोकसिंह डूडी आदि ने संबोधित किया तथा कॉरपोरेट घरानों के हित में भाजपा व आम आदमी की मिलीभगत से पंजाब पुलिस द्वारा किए गए किसान आंदोलन के दमन की कड़ी निंदा की। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति व पंजाब के राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर मांग की कि अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ राष्ट्रीय हितों के खिलाफ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते को तुरंत बंद करें। राज्य सरकारें और विधानसभा नई राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति को तुरंत खारिज करें। सभी फसलों के लिए सी- 2 प्लस 50 फीसदी लाभ पर एमएसपी घोषित कर खरीद की गारंटी दी जाए, किसानों व मजदूरों का समस्त कर्ज माफ किया जाए, कृषि व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दरों में वृद्धि और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना वापिस लेने, कृषि कुओं को मुफ्त बिजली देने, घरेलू व दुकानों के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने आदि मांगे भी शामिल हैं।

पंजाब राज्यपाल के नाम ज्ञापन में पुलिस द्वारा किया जा रहा अंधाधुंध बल प्रयोग बंद करने, जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार बहाल करने, किसानों के ट्रेक्टर ट्रॉलियों सहित सभी उपकरण वापिस करने, क्षतिग्रस्त या चोरी किए गए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा करने आदि मांगें शामिल थी। एक अन्य ज्ञापन में नागौर जिले में कंपनी की मनमानी के खिलाफ संघर्ष कर रहे किसान नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में उन्हें तुरंत रिहा करने की राजस्थान के राज्यपाल से मांग की। सभा की अध्यक्षता कैलाश यादव ने की। संचालन बजरंगलाल एडवोकेट ने किया।

### वार्षिकोत्सव के पहले दिन साधना कक्ष का लोकार्पण

**चिड़ावा।** गायत्री शक्तिपीठ का 18वां वार्षिक उत्सव शुक्रवार से शुरू हुआ। पहले दिन साधना कक्ष का लोकार्पण गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं पूर्व जिला संयोजक गिरधारीलाल शर्मा एवं गायत्री शर्मा छावसरी के द्वारा किया गया। मुख्य यजमान चंपालाल जांगिड़ सपत्निक द्वारा पूजा की गई। संजय कुमार व्यास, राजीव व्यास, देवीदत्त शर्मा, बनवारीलाल अरड़ावतिया, सत्यनारायण सैनी, रामदेव पारिक, कुरड़ाराम सैनी, सत्यनारायण भार्गव, महेश कुमार भाटी, महेंद्र कुमार बदनगढिया, सांवरमल टेलर, रमेश हिममतरामका, संजय कुमार अग्रवाल लोहारु, विद्याधर सोनी, त्रिवेणी अरड़ावतिया, कौशल्या देवी, नमिता शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, रामबिलास सैनी, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण को गति देने के लिए निरंतर कार्यरत

### वन क्षेत्र 20 प्रतिशत करने का हमारा लक्ष्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वन और वन्यजीव संरक्षण हमारी संस्कृति है। वन हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वनों को संरक्षित करके हम अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चत कर सकते हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए भजनलाल सरकार थार मरूस्थल से लेकर हरित अरावली पहाड़ियों तक के विविध भौगोलिक स्वरूपों के अनूठे पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश में कुल वन क्षेत्र 33 हजार 14 वर्ग किलोमीटर है, यह राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.64 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने इसे आगामी दो दशकों में 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान वह धरा है जहां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस के दिन 'एक पेड मां के नाम' अभियान शुरू किया गया। प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा से राज्य सरकार ने भी मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान प्रारंभ कर पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया है। इन पौधों की देखभाल के लिए राज्य के विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों एवं आमजन को पौध उपलब्ध करवाकर तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 21 मई, 1982 को गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के उपबंधों के तहत राजस्थान राज्य का राज्य पक्षी घोषित किया गया है। जयपुर, अलवर, भरतपुर व अजमेर में 1-1 बटरफ्लाई (तितली) पार्क बनाया जायेगा। विभिन्न प्रजातियों के अच्छी गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध कराने हेतु विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर के सिन्दरु में एक हाईटेक नर्सरी बनाने की योजना है। राज्य में भिन्न-भिन्न स्थानों पर उपलब्ध विभिन्न प्रजातियों के प्लस ट्री की उच्च गुणवत्ता को बनाये रखते हुए इनकी अधिक संख्या में पुनरुत्पादन हेतु टिश्यू कल्चर पद्धति से पौधे तैयार किये जाने हेतु एक टिश्यू कल्चर लैब जयपुर में स्थापित की जाएगी। राज्य में वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में इमीशन ट्रेडिंग सिस्टम (श्वङ्गस्) जो कि एक प्रभावी बाजार-आधारित तंत्र है, जो प्रदूषण को नियंत्रित करने और उद्योगों को उत्सर्जन में कमी के लिए प्रोत्साहित करने का काम करता है। इसके लिए राज्य के नॉन अटेनमेंट सिटी अलवर (अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड) में एक पायलट प्रोजेक्ट करवाने की घोषणा की राज्य में वायु प्रदूषण को कम करने में मददगार होगी। नॉइज लेवल की सतत जानकारी मिल सके इसके लिए, राज्य के तीन नॉन अटेनमेंट सिटी जयपुर, जोधपुर और कोटा में कंटीन्यूअस रियल टाइम नॉइज मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के लिए सरकार प्रयासरत है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा राज्य में 50 स्थानों पर प्लास्टिक बोतल फ्लेकिंग रिवर्स वेंडिंग मशीन लगायी जा रही है जिसके सफल रूप से क्रियान्वित होने पर इस नेटवर्क को और अधिक बढ़ाने की घोषणा की। परिवेशीय वायु गुणवत्ता की जानकारी मिल सके इसके लिए, राज्य के तीन शहरों बहरोड, राजसमंद और आबूरोड में परिवेशीय वायु गुणवत्ता जांच केंद्र लगाने की घोषणा की।

#### सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

# बाईस बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 09 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त एवं कल्याण धाम कॉलोनी, निवारू रोड़, अम्बे हॉस्पिटल के सामने में सरकारी आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही निजी खातेदारी करीब की 13 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मनसा रामपुरा, गांधी स्कूल के पास, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रिद्धी-सिद्धी'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिंडलोई, खारडा, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''कृष्णा नगर'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, पत्थरगढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खारडा, सिण्डोलाई के पास, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रिद्धी-सिद्धी-18'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कल्याण धाम कॉलोनी, निवारू रोड़ अम्बे हॉस्पिटल के सामने सरकारी आम रास्तें की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर 70 फीट लम्बाई में बाउण्ड्रीवाल बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी आम रास्तें की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़, ग्राम काठावाला, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रामेश्वर धाम'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

## छह अप्रेल को होने वाले एसीआई स्कॉलरशिप को लेकर उत्साह

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई ग्रुप ऑफ एज्यूकेशन के तहत संचालित एसीआई उमावि एवं फाउंडेशन क्लासेज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली स्कॉलरशिप परीक्षा छह अप्रेल को आयोजित होगी। स्कॉलरशिप परीक्षा संयोजक व फाउंडेशन हैड विजय कुमार सैनी ने बताया कि अभी तक प्राप्त आवेदनों से पता लग रहा है कि इस स्कॉलरशिप परीक्षा को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। स्कॉलर परीक्षा कक्षा आठ, नौ, 10 व 11 और 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। जिसके लिए आवेदन शुरू हो गए है। आवेदन संस्थान में व्यक्तिगत उपस्थित होकर या संस्थान की वेबसाइट www.acijjn.com के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। इस परीक्षा के माध्यम से लगभग एक करोड़ रूपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। अब तक इस स्कॉलरशिप के माध्यम से 250 से अधिक मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है।

## दूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**झुंझुनूं।** दूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं के सीनियर फिजीशियन डॉ. इरफान नजीर द्वारा रमजान के पवित्र महीने में नागोरियान मस्जिद में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी ने अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। उक्त आयोजन में गुलाब नबी नागौरी, हाजी सफी नागौरी, निजामुदीन नागौरी, याकूब नागौरी, मो. अयूब नागौरी, हाजी इस्माइल नागौरी, इमरान नागौरी, सुफियान नागौरी, युसूफ नागौरी, शौकत नागौरी, रसीद तगाला, तौफीक नार्गौरी, समीर सैय्यद आदि मौजूद थे। डॉ. मोनिका दूकिया ने बताया कि अस्पताल में न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ, गुर्दा व मूत्र रोग विशेषज्ञ, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ों के लिए एवं ट्रॉमा, बीपी शुगर, अस्थमा, पित्त की थैली, अपेंडिक्स आदि सर्जरी के लिए 24 घंटे सातों दिन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# दिशा क्रिकेट अकादमी ने दिशा क्लब को हराया

### प्लेयर ऑफ मैच बने नमित सिंह, यश खटाना ने खेली 70 रनों की पारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अरावली क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में दिशा क्रिकेट अकादमी ने दिशा क्लब को हराया जिसमें जीत के हीरो बल्लेबाज अनभव सिंह बांकावत रहे जिन्होंने 44 गेंद में 51 रन की नाबाद पारी खेली और उनका साथ जय गौर-47, इज्यराज-40, युवान-34 रनों की पारी खेल टीम को मजबूत स्कोर की ओर पहुंचाया।

जयुपर के अरावली क्रिकेट मैदान पर में खेले गए इस मुकाबले में दिशा क्लब ने टॉस जीतकर दिशा क्रिकेट अकादमी को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिशा क्रिकेट अकादमी ने दिशा क्लब को जीत के लिए 60 ओवर में 256 रन का लक्ष्य दिया वहीं दिशा क्लब के हर्षित यादव-एंजल और ध्रुव को 1-1 सफलता मिली तो सक्षम और विभोर सिंह ने 2-2 विकेट झटके।

दिशा क्लब की शुरूआत कुछ खास अच्छी नहीं रही उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। यशवीर सिंह शेखावत-5, आरव करवा-7, अभिनव सागर-1, तकशी-0, इक्षित-2 रन बनाकर विकेट गंवा दिया। यश खटाना 70 रन के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा।



### यश खटाना ने किया संघर्ष

दिशा अकादमी ने अपने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दिशा क्लब को 170 रन पर रोक दिया। दिशा अकादमी की तरफ से गेंदबाजी में नमित सिंह-शिवांश और हेमेन्द्र ने 3-3 विकेट झटके जबकि युवान ने दो विकेट मिले। उन्होंने दिशा क्लब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। दिशा क्लब की तरफ से यश खटाना ने 75 गेंदों पर 2 चौकों के सहारे सर्वाधिक 70 रन बनाए। विभोर सिंह ने 54 गेंदों पर 16 रन बनाये जबकि जयन्त कुमान 13 रन बनाए रन बनाये और अपनी टीम को 170 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# शहर में हनुमान जयंती पर दूसरी बार आयोजित होगी शोभायात्रा, गुमट हनुमान मंदिर पर होंगे विशेष आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर निकलने वाली भव्य हनुमान शोभायात्रा को लेकर गुरुवार की रात शहर के गुमट हनुमान मंदिर से जुड़ी बजरंग सेवा समिति की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में समिति से जुड़े पदाधिकारी,कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी भक्तजन मौजूद रहे। जिसमें जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई और तैयारियों पर जानकारी ली गई। बैठक के दौरान शोभायात्रा संयोजक रामकुमार चौधरी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर की विभिन्न समितियों को निमंत्रण दिया जा रहा है साथ में शहर के सभी भक्तजनों से मंदिर के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इस कार्य में शोभायात्रा के सह संयोजक प्रदीप गोयल एवं मनीष कुमार को बनाया गया है।

**शहर में दूसरी बार हनुमान जयंती पर शोभायात्रा :** शहर में दूसरी बार हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां चल रही है। हनुमान जन्मोत्सव की प्रातः बेला में संकट मोचन हनुमान महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रृंगार किया जाएगा साथ ही सुबह 9 बजे से हनुमानजी की शोभायात्रा मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्ग सब्जी मंडी,लुहार बाजार, सराफा बाजार होकर घंटाघर से कोट पाड़ा, सेढ़ पाड़ा,अंबेडकर पार्क,बसेड़ी बस स्टैंड से होते हुए निकाली जाएगी। इसके उपरान्त मंदिर पर छप्पन भोग,फूल बंगला झांकी के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा। बैठक के दौरान बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल,पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मित्तल,उपाध्यक्ष विजय सिंघल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,महामंत्री सुभाष चंद्र बंसल,राजेंद्र मंगल,महावीर प्रसाद गोयल, भूरा परमार, रामअवतार शर्मा, तनिष्क मंगल,रमेश शास्त्री, ऋषि कपरेला, विपिन सिंघल, राजू, नीतू, योगेश गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### कैलादेवी पदयात्री प्रतिदिन बड़ी संख्या में जा रहे है कैलादेवी

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के मौहल्ला कोट पाड़ा से आज एक जत्था कैला माता मैया के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकला है। कैला माता मैया के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में प्रतिदिन दूर दराज से पैदल यात्री जा रहे हैं। वही कोट पाड़ा बाड़ी से एक टोली रवाना हुई है,जो जय माता दी के जयकारे लगाते हुए भक्त माता के भवन के लिए रवाना हुए हैं। और वही बौहरे कल्ला खिदरपुर वाले एवं पार्षद संगीत शर्मा ने तिलक लगाकर युवा शक्ति को रवाना किया है। टॉली में राकेश शर्मा,नवीन शर्मा,पुनीत कपरेला,ध्रुव पंडित, कन्हैया सोनी,धनंजय शर्मा आदि लोग माता रानी के दरबार के लिए पैदल यात्रा के लिए रवाना हुए हैं।

## रमजान माह में 26 वें रोजे के समापन पर मनाया शब-ए-कद्र

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में इन दिनों मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान माह चल रहा है। जिसमें गुरुवार को 26 में रोजे के समापन पर ईशा की नमाज के बाद फजर की नमाज तक पूरी रात शहर की विभिन्न मस्जिद और ईदगाहों में धार्मिक आयोजन किए गए और शब-ए-कद्र की रात मनाई गई। इस दौरान खुदा की इबादत के बाद तबर्रुफ में जलेबी और अन्य मिठाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों में विशेष सजावट की गई और अल्लाह-ताला से देश में अमन चैन की दुआ भी मांगी गई। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों के मौलाना,हाफिज एवं इमामों का इस्तकबाल भी किया गया। शहर के घंटाघर स्थित शाही जामा मस्जिद में इस दौरान विशेष आयोजन देखने को मिला। जिसमें मस्जिद के मौलाना अनवारुल हक के साथ बिहार से आये हाफिजे कुरान ने विभिन्न आयतें पढ़ी और खुदा की इबादत कैसे की जाए,दुआएं कैसे कबूल हो। इसको लेकर उपस्थित मुस्लिम भाइयों को जानकारी दी। इस दौरान सभी मुस्लिम भाइयों द्वारा खुदा की इबादत में पूरी रात धार्मिक कार्यक्रम किये गए और खुदा से अपने पापों की क्षमा मांगने के साथ दुआएं कबूल करने की भी गुहार लगाई। शाही जामा मस्जिद के सचिव इसरार खान टेलर ने बताया कि रमजान माह में शबे कद्र की रात विशेष महत्व वाली है। इस रात खुदा के भेजे फरिश्ते धरती पर उतरते हैं। वह बन्दों की सुनवाई करते हैं और दुआएं कबूल की जाती हैं।

# जैसलमेर-बाड़मेर में टू-लेन हाइवे की घोषणा




▶▶ 1237.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। ये सड़कें भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में बनेंगीं।**

## नितिन गडकरी का ट्वीट



■ नितिन गडकरी ने ट्वीट करके लिखा, "राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत/चौड़ा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा-म्याजलर-अंबासिंह की ढाणी रोड भाग से पक्की सड़क के साथ दो-लेन का मजबूत और चौड़ीकरण करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-25 और राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के साथ संपर्क स्थापित करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-70 से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क में और वृद्धि होगी। गडकरी ने कहा, 'यह परियोजना महत्वपूर्ण रणनीतिक महत्व रखती है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित है, जो हमारे सुरक्षा कर्मियों की सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से पहुंचने की क्षमता को बहुत बढ़ाएगी। यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुरी रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, तथा क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है।

### सांसद ने जताया आभार

इस ऐलान के बाद जैसलमेर-बाड़मेर से सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने नितिन गडकरी का आभार जताते हुए ट्वीट कर लिखा, "माननीय मंत्री नितिन गडकरी जी का बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में सीमांत थारवासियों को इस स्वीकृति की सौगात देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।' गौरतलब है कि यह परियोजना सड़क लोकप्रिय पर्यटन स्थल खुहड़ी के रेत के टीलों से भी होकर गुजरेगी और इससे मार्ग के किनारे स्थित अनेक गांवों को लाभ मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास और संपर्क में योगदान मिलेगा।

### डीएनपी एरिया की वजह से दिक्कत

जैसलमेर-बाड़मेर बॉर्डर एरिया में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण हुआ है। इसमें डेजर्ट नेशनल पार्क की वजह से विभाग की NOC नहीं मिल रही थी। इस वजह से कई जगह दिक्कत आ रही थी। हाल ही में डेजर्ट नेशनल पार्क की NOC मिलने के बाद कई जगह बाकी रही सड़क का निर्माण अब पूरा होगा। इसके तहत शुक्रवार को राजस्थान में नई सड़कें बनाने की घोषणा की है। जिसमें भारत माला सड़क परियोजना का ये हिस्सा भी शामिल है। संसदीय क्षेत्र के क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग पर मेरे भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुलाकात के दौरान अवगत कराने पर सीमांत संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर और जैसलमेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 की कुल लंबाई है।

## जैसलमेर में लाखों की लूट

■ सांखला के हरबूजी मंदिर में चोरी, लोगों में आक्रोश

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र के सांखला गांव स्थित हरबूजी मंदिर में चोरों ने लाखों रुपयों की चोरी को अंजाम दिया। यहां मंदिर में रखी छह क्विंटल की भारी तिजोरी को काटकर उसमें से चंदे का लाखों रुपया लेकर चोरी हो गया। सांखला गांव निवासी जगन्नाथ सिंह ने बताया की मंदिर में छह क्विंटल लोहे की तिजोरी रखी हुई थी। जिसको देर रात चोरों ने खोलना चाहा। मगर तिजोरी चोरों से नहीं खुलने के कारण चोरों ने तिजोरी को लोहे की धारदार व नुकीली चीज से काट कर उसमें रखा पैसा लेकर फरार हो गए है। मंदिर में रखी तिजोरी को साल में दो बार खोला जाता है। तिजोरी को माघ महीने में वह भाद्रपद महीने में खोला जाता है। जनवरी में तिजोरी को खोला था, उसमें लगभग चार लाख के करीब रूपए निकले थे।

## फाइनेंसरों से परेशान युवक ने की आत्महत्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में एक युवक ने ब्याज पर रुपए लेकर सवारी टैंपो की मरम्मत करवाई, लेकिन जब ब्याज की रकम चुका नहीं पाया तो सूदखोर वसूली के लिए घर आने लगे। इससे युवक ने बंद पड़ी फैक्ट्री में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना बाड़मेर रीको थाना इलाके उतरलाई रोड कलजी के पालिया में बंद पड़ी फैक्ट्री में बीती रात की है। पुलिस ने शुक्रवार को परिजनों की रिपोर्ट पर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।



रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- बलदेव नगर निवासी वीर सिंह (38) पुत्र हड़वंत सिंह ने गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उतरलाई रोड पर कलजी के पालिया के पास बंद फैक्ट्री में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात में हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पास में दो-तीन डायरियां मिली है। जिसमें फाइनेंस के रुपयों के लेन- देन का ब्योरा मिला है। चचेरा भाई बोला- आरोपियों ने घर आकर धमकी दी थी। मृतक के चचेरे भाई पंकज सिंह पुत्र सवाई सिंह ने बताया- फाइनेंस करने वाले लक्ष्मण सिंह निवास लक्ष्मी नगर, जालम सिंह, कानसिंह महाबार, भैराराम काफी समय से वीर सिंह को प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले उन्होंने घर पर आकर धमकियां दी थी। उस समय वीर सिंह घर पर नहीं था। उसके परिवार को वीर सिंह को मारने की धमकियां दी गई। इससे आहत होकर वीर सिंह ने फांसी का फंदा लगा लिया है। मृतक टैंपो ड्राइवर था और सवारियों को लाने-ले जाने का काम करता था। इसके टैंपो से डायरियां बरामद हुई है, जिसमें लेन- देन का हिसाब लिखा है। थानाधिकारी बोले- रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रहे है रीको थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया- शुक्रवार को परिजनों ने रुपए फाइनेंस करने वाले तीन-चार जनों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। उनकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि कितने रुपए का लेन-देन है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा टीम की मोहनगढ़ कस्बे में दबिश

### ▶▶ आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल जुटाए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर की खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को मोहनगढ़ कस्बे में मिलावटी सामान बिकने के शक में कई दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान करीब आठ फूड प्रोडक्ट के सैंपल लिए व एक्सपायर हो चुके फूड प्रोडक्ट को मौके पर ही नष्ट करने की कार्रवाई की। जिले के फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा के नेतृत्व में त्योहारी सीजन को देखते हुए कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने भगर, साबूदाना, सूजी, नमक और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल जांच के लिए सीज किए।

### ▶▶ जिले में चल रहा विशेष अभियान

इस मौके पर फूड सेफ्टी ऑफिसर किशनाराम कड़वासरा ने बताया- आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे एवं जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डा. राजेंद्र कुमार पालीवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कड़वासरा द्वारा टीम के साथ आगामी नवरात्रा के त्योहार के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान मोहनगढ़ में विभिन्न किराना दुकान पर 12 किलो भगर, सात किलो दलिया, पांच किलो मसाला आदि अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशनाराम कड़वासरा ने बताया की किराना दुकानों से भगर, साबूदाना, सूजी, नमक के नमूने और मिठाई की दुकान से कलाकंद सहित कुल आठ सैंपल लिए गए। इन सैंपल को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जोधपुर भिजवाया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## जसोल के राणी भटियाणी मंदिर पहुंचे गजसिंह

■ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की पूजा, विकास कार्यों की सराहना की

**बालोतरा।** जोधपुर के पूर्व राजघराने के गजसिंह द्वितीय ने तिलवाड़ा स्थित श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान के अधीनस्थ श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर, थान मल्लीनाथ में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। अश्व पालकों को प्रोत्साहित करने और मेले के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पृथ्वीसिंह कोलू द्वारा संपूर्ण अश्व प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ अश्व के लिए प्रथम विजेता हंसदेव को एक किलोग्राम चांदी, द्वितीय विजेता दिलजीत को आधा किलोग्राम चांदी और तृतीय विजेता भरत केशरी को पाव किलोग्राम चांदी का पुरस्कार प्रदान किया गया।



### ▶▶ भोजनशाला का अवलोकन और सामाजिक सरोकार

मंदिर दर्शन के बाद गजसिंह द्वितीय ने महंत गणेशपुरी महाराज के सान्निध्य में श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा मेलार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित 'जसोलधाम भोजनशाला' का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पशु मेले में भोजन, जल, अश्व प्रतियोगिता के लिए डोम एरिना और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही हैं, वे प्रशंसनीय हैं। साथ ही उन्होंने विलुप्त हो रही श्री मल्लीनाथ पशु मेले की परंपराओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व प्रतियोगिता

अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व संस्था, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा श्री गजसिंह द्वितीय की अध्यक्षता में आयोजित अश्व प्रतियोगिता में देशभर के अश्व एवं अश्व पालकों ने भाग लिया। सिद्धार्थ सिंह रोहिट, आनंद सिंह देसू, कुंवर अमित विक्रम सिंह जोजावर, कुंवर धनंजय सिंह विजयपुर, ठाकुर घनश्याम सिंह पाटौदी, डाक्टर नरेंद्र मेड़तिया, डॉक्टर परीक्षित पुरोहित निर्णायक पैनल में शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की घोषणा की। विजेताओं को नकद राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र भेंट किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000, 3,000, 2,000 एवं 1,000 रुपए की नकद राशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बेस्ट अश्व शो प्रतियोगिता हेतु आयरिश ट्रॉफी विजेता हंसदेव (मालिक मेघराज सिंह) को 11,000 रुपए, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## वाहन चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की गिराब थाना पुलिस ने वाहन चोरी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिकअप गाडी पचपदरा थाना इलाके से चोरी करके दुधोड़ा लेकर आए थे। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि दुधोड़ा से गोरड़िया रोड पर चार संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं और उनके पास एक पिकअप गाडी हैं। थानाधिकारी देवी सिंह के अनुसार- आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि एक-दो दिन पहले रात में पचपदरा थाने इलाके से पिकअप गाडी चोरी करके गोरड़िया में प्रेम सिंह को देने के लिए लेकर आना बताया। इस पर पुलिस टीम ने वाहन को जब्त किया गया। आरोपी प्रेमसिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी गोरडिया, दिनेश सिंह पुत्र झबर सिंह निवासी जसोल, श्रवण पुत्र हरीराम निवासी मेवानगर जसोल, भैराराम उर्फ राणा पुत्र रेशाराम निवासी गुगरोट सिवाना बालोतरा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने पचपदरा थाने को अग्रिम कार्रवाई करने के लिए सूचना दी है। कार्रवाई में एएसआई रणजीत सिंह, कॉन्स्टेबल देवाराम, सुरेश कुमार, बालाराम और नेपाल सिंह शामिल रहे।



## राजस्थान दिवस पर कलेक्ट्रेट में विशेष आयोजन

**बालोतरा।** बाड़मेर जिला कलेक्टर कार्यालय में राजस्थान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्व अपील अधिकारी नवदीप कुमार और अतिरिक्त जिला कलक्टर डा. गुंजन शर्मा के नेतृत्व में सभी कार्मिकों ने शपथ ली। कार्मिकों ने राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान करने का संकल्प लिया। उन्होंने राज्य को समृद्ध, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिज्ञा की। शपथ में महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का वादा किया गया। कार्मिकों ने राज्य की विरासत के संरक्षण के साथ विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राज्य के विकास में निरंतर योगदान और नवाचार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## पचपदरा में बाइक चोर गिरफ्तार

**बालोतरा।** पचपदरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घर के अंदर खड़ी बाइक चुरा की थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि बालकराम ने 23 मार्च को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि रात में उसने घर के अंदर बाइक खड़ी कर दी थी। सुबह जब वो उठा तो उसे बाइक गायब मिली। उसने आस-पास काफी तलाश की, लेकिन नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थानाधिकारी अमराराम खोखर के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने गुड़ानाल निवासी श्रवण पुत्र वंसाराम भील को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।



# व्यापार जगत

## 5800 के पार जा सकते एचएएल के शेयर !

### ▶▶ एक महीने में 38% उछला शेयर का दाम



**मुंबई।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को तीन पर्सेंट से अधिक चढ़कर 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले 10 ट्रेडिंग सेशंस में से नौ में महारत्न कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। पिछले एक महीने में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में 38 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। एचएएल के शेयर इस साल मार्च में निफ्टी पीएसई इंडेक्स में बेस्ट परफर्मिंग स्टॉक रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि डिफेंस कंपनी के शेयरों में और तेजी आ सकती है और इसके शेयर 5800 रुपए के पार जा सकते हैं।

### 5814 रुपए तक का टारगेट

महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कवरेज करने वाले 16 एनालिस्ट्स में से 15 ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। केवल एक एनालिस्ट ने कंपनी के शेयरों को सेल रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ULJK फाइनेंशियल सर्विसेज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5814 रुपए का टारगेट दिया है। वहीं, ब्रोकरेज हाउस निर्मल बंग ने डिफेंस कंपनी के शेयरों के लिए 5509 रुपए का टारगेट दिया है। फिलिप सिक्योरिटीज ने कंपनी के शेयरों के लिए 5500 रुपए और मॉर्गन स्टैनली ने 5292 रुपए का टारगेट दिया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों के लिए 5000 रुपए का टारगेट दिया है।

### पांच साल में 1500% से ज्यादा चढ़े

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1500 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 262.58 रुपए पर थे। एचएएल के शेयर 28 मार्च को 4294 रुपए पर पहुंच गए हैं। पिछले चार साल में महारत्न कंपनी के शेयरों में 750 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले तीन साल में एचएएल के शेयर 450 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। दो साल में एचएएल के शेयरों में 210 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 5675 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3045.95 रुपए है।

तीन महीने में 15 रिकॉर्ड

## 12 महीने में भारत की इकॉनमी से दोगुना मार्केट कैप

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत गुरुवार को पहली बार 3100 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। पिछले 12 महीने में इसका मार्केट कैप सात ट्रिलियन डॉलर बढ़ा है जो भारत की जीडीपी से करीब दोगुना है। इसका मार्केट कैप 21 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है जो चीन की इकॉनमी से ज्यादा है। सोने की कीमत इस साल के पहले तीन महीने में ही 15 बार अपना रेकॉर्ड तोड़ चुकी है। ग्लोबल इकॉनमी में अनिश्चितता बढ़ने से सोने की कीमत बढ़ी है। दुनिया के दो सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देशों अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ता जा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑटो आयात पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है जिससे सोने की चमक बढ़ गई है। जानकारों का मानना है कि सोने की कीमतें अभी और बढ़ेंगी। MCX में चार अप्रेल की डिलीवरी वाला सोना दोपहर 2.30 बजे 372 रुपए यानी करीब 0.42 फीसदी तेजी के साथ 88,756 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। दिन के कारोबार में यह 89,060 रुपए तक गया। तीन अक्तूबर की डिलीवरी वाला सोना 91,372 रुपए तक गया। सोने की कीमत में इस साल अब तक लगभग 16 प्रतिशत की तेजी आई है। इसकी मुख्य वजह भारत, चीन, पोलैंड और तुर्की जैसे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की भारी खरीदारी और भू-राजनीतिक तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश है।



## आप का राशिफल 29 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

## गिरावट के साथ बंद बाजार सेंसेक्स 191 अंक लुढ़का



**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुआ है। 30 संवेदी सूचकांक वाला सेंसेक्स 191.51 अंक या फिर 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 72.60 अंक या फिर 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,519.35 पर बंद हुआ है। बता दें, सेंसेक्स का इंट्रा-डे हाई 77,766.70 और निफ्टी का इंट्रा-डे हाई 23,649.20 अंक रहा है। सेंसेक्स की टॉप 30 कंपनियों में से 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ है। इंडसइंड बैंक के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एनटीपीसी, टाइटन के शेयरों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ कोटक बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर जैसे 10 कंपनियों के शेयर बढ़त बनाने में सफल रहे हैं। बीएसई में 206 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 344 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। निफ्टी में 98 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। वहीं, 132 कंपनियों के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है।

## क्या फिर ब्याज दरों में कटौती करेगा आरबीआई!

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक नौ अप्रेल को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है और इस साल अगस्त में एक और छोटी कटौती की संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो यह आरबीआई के इतिहास का सबसे छोटा रेट कट साइकल होगा। यह जानकारी रॉयटर्स के एक सर्वे में सामने आई है, जिसमें अर्थशास्त्रियों से राय ली गई थी। बता दें रेपो रेट कट से आम आदमी को सीधे तौर पर लोन की सुविधा सस्ती मिलती है, ईएमआई कम होती है और अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास से रोजगार व आय के अवसर बढ़ते हैं। हालांकि, बचत पर रिटर्न कम होने जैसे नुकसान भी हो सकते हैं। रॉयटर्स पोल के मुताबिक 54 में से 60 अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आरबीआई सात-नौ अप्रेल की एमपीसी की बैठक में रेपो रेट 25 बेसिस पॉइंट (0.25%) घटाकर 6% कर देगा। एक अर्थशास्त्री को लगता है कि 50 बेसिस पॉइंट (0.5%) की बड़ी कटौती हो सकती है। वहीं, पांच अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अभी कोई बदलाव नहीं होगा। इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि FY26 में कुल 75 बेसिस पॉइंट (0.75%) की कटौती हो सकती है। बैंकों ने पहले ही लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए 64,000 करोड़ सिस्टम में डाले हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसका असर अर्थव्यवस्था पर पूरी तरह दिखने में कुछ महीने लगेंगे। यस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंद्रनील के मुताबिक, "अगर रेट कट का फायदा पूरी इकोनॉमी तक पहुंचाना है, तो बैंकिंग सेक्टर में लिक्विडिटी सकारात्मक होनी चाहिए।"




## उठापटक के बीच उछला फोर्स मोटर्स का स्टॉक

### ▶▶ तीन साल में दिया 720% रिटर्न

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच फोर्स मोटर्स के शेयरों में आज जबरदस्त उछाल आया। कंपनी के शेयर 7.5% बढ़कर 9,444.85 रुपए पर पहुंच गए। कंपनी को सोने का एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस कारण उसके शेयरों में तेजी आई है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 22% की बढ़त हुई है। इस दौरान कंपनी ने अपने सेक्टर से 17% बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले तीन साल में कंपनी ने 720% का ज़बरदस्त रिटर्न दिया है। Trendlyne के अनुसार, फोर्स मोटर्स ने एक साल के रिटर्न में निफ्टी, सेंसेक्स, सेक्टर और इंडस्ट्री को भी पीछे छोड़ दिया है। कंपनी ने बताया कि उसे सुरक्षा बलों को 2,978 फोर्स गुरखा लाइट व्हीकल्स सप्लाई करने का ऑर्डर मिला है। कंपनी अलग-अलग तरह की जनरल सर्विस गाड़ियां बनाती हैं। फोर्स मोटर्स कई साल से रक्षा क्षेत्र को अपनी गुरखा LSV सप्लाई कर रही है। ये गाड़ियां बहुत मजबूत होती हैं और दुर्गम इलाकों में चलने में सक्षम हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इन्हें जरूरत के हिसाब से बदला जा सकता है। फोर्स इंडिया का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 10,272.65 रुपए है जो उसने पिछले साल 29 अप्रैल को छुआ था।

नागपुर हिंसा

# पुलिस के खौफ से 'बांग्लादेशी' फरार

- मुंबई में एक बांग्लादेशी गिरफ्तार
- महाराष्ट्र में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई जारी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद से शहर में छिपकर रह रहे अवैध बांग्लादेशियों में पुलिसिया कार्रवाई का खौफ छाया हुआ है। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए नागपुर से कई अवैध बांग्लादेशी फरार हो गए हैं। एक नागपुर से पुणे के रास्ते मुंबई पहुंचे एक बांग्लादेशी को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है और उसके नागपुर कनेक्शन की जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने भी बताया है कि नागपुर में छिपे कई अवैध बांग्लादेशी शहर से निकलकर अलग-अलग जगहों की तरफ निकल गए हैं।

### पहचान छिपा रह रहे शहर में

क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया है कि नागपुर में हुई हिंसा के बाद शहर में छिपकर रहने वाले कई बांग्लादेशी वहां से निकालकर अलग-अलग रास्तों पर गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के अलावा भी कई बांग्लादेशी अपनी पहचान छिपाकर नागपुर में रह रहे हैं, और इसकी जांच की जा रही है।

### लगातार पकड़े जा रहे अवैध बांग्लादेशी

असम से लेकर दिल्ली तक, और यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक अवैध बांग्लादेशी लगातार पकड़े जा रहे हैं। असम में तो अवैध बांग्लादेशी सुरक्षाबलों के हत्थे लगातार चढ़ रहे हैं। वहीं, दिल्ली में हाल ही में पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 8 बांग्लादेशी नागरिकों और उनके भारतीय साथियों को गिरफ्तार किया है।

### एक अवैध बांग्लादेशी दादर में गिरफ्तार

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में दादर से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या वह 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा में शामिल था। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 29 साल के अजीजुल निजानुल रहमान नाम के शख्स को क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने बुधवार को हिरासत में लिया और बाद में उसे 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे बनवाया आधार

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि वह हिंसा के समय नागपुर में था। उन्होंने बताया कि रहमान नागपुर के हसनबाग का रहने वाला है और हाल ही में दादर आया था। अधिकारी ने बताया कि दिहाड़ी मजदूर रहमान ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा, हम जांच के तहत उसके मोबाइल फोन टावर लोकेशन का विश्लेषण कर रहे हैं। हमने उसकी गिरफ्तारी के बारे में नागपुर में अपने समकक्षों के साथ भी जानकारी साझा की है।'

# मुंबा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र 30 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री मुंबादेवी मंदिर विशवस्त निधि के संयोजन मे मुंबादेवी मंदिर मे चैत्र नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 450 साल से अधिक प्राचीन मंदिर मे आठ दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। साथ ही विश्व कल्याण के लिए श्री नवचंडी महायज्ञ किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक हेमंत जाधव के अनुसार भक्तो की संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धांलुओं को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए है और जमीन पर कालीन बिछाये गए है। श्री मुंबादेवी व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री ओमप्रकाश मिश्र एवं उनकी टीम, स्थानीय पुलिस और दो सौ स्वयं सेवक सुरक्षा संभालेंगे। गुढ़ी पाड़वा-चैत्र नवरात्र उत्सव की शुरुआत 30 मार्च रविवार सुबह 9.20 बजे घट स्थापना के साथ होंगी। बुधवार दो अप्रेल को पंचमी दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा जबकि राम नवमी पर रविवार 6 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे से नव चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति प्रारम्भ होंगी। अनुष्ठानों की इस कड़ी मे 10 अप्रेल को महावीर जयंती मनाई जाएगी। जबकि चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जयंती मनाई जाएगी और मासिक नवचंडी यज्ञ किया जाएगा।



सम्मान समारोह दुबई में संपन्न

# किशन माली को 'वरणी रत्न' सम्मान

सुरेश राजपुरोहित/ टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** देश की मशहूर मोबाइल ऐसेसरीज ब्रांड वरणी का सम्मान समारोह 'वरणी रत्न' दुबई में इंटरकॉन्टिनेन्टल होटल में संपन्न हुआ. इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी एवं समाजसेविका अमृता फडणवीस, फैशन डिजाइनर रुमादेवी, डा.रशिद अलामेरी,अहमद जैद ने भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई. इस अवसर पर वरणी ब्रांड के फाउंडर एवं डायरेक्टर किशन माली ने पधारे हुए सभी अतिथियों का सम्मान सत्कार किया. अमृता फडणवीस एवं रुमादेवी ने वरणी ब्रांड के प्रोडक्ट की बेस्ट क्वॉलिटी एवं बेहतर टीम वर्क की खूब सराहना की और कहा कि जीवन हो या व्यापार सभी को साथ में लेकर चलना और समय के साथ बदलना ही हमें सफल बनाता है. वरणी ब्रांड के डायरेक्टर किशन माली ने कहा कि हमारा एक ही विजन है कि हम देश के व्यापारी भाइयों और ग्राहकों की सेवा कर सके। व्यापार करना अपने आप में सबसे बड़ी सेवा है। हम मानते है कि हमारे साथ जुड़े हुए सभी लोग हमारा परिवार है हम व्यापार के जरिए देश की सेवा करते रहेंगे।



सम्मान समारोह में वरणी ब्रांड के कुछ और नए मोबाइल ऐसेसरीज प्रोडक्ट की सीरीज भी लॉन्च की गई. पिछले कई वर्षों से वरणी ब्रांड के साथ जुड़े हुए युवाओं का सम्मान किया गया उनको वरणी रत्न से सम्मानित किया गया. उपस्थित सभी वरणी ब्रांड से जुड़े व्यापारी बंधु, ग्राहक, कंपनी मेम्बरों ने समारोह में उपस्थित होकर खूब प्रसन्नता व्यक्त की. समारोह के समापन के अवसर पर वरणी ब्रांड की ओर से सभी अतिथियों और साथ निभाने वाले सहयोगी बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।



# भारत जैन महामंडल के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल का किया अभिनंदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत जैन महामंडल के प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.सी. डांगी के नेतृत्व में 28 मार्च को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट की। इस अवसर पर भारत जैन मंडल ने राज्यपाल को राजस्थानी साफा, शॉल, माला तथा मोमेंटो से सम्मानित कर अभिनंदन किया। उन्हें मंडल से प्रसारित 'जैन जगत' पत्रिकाएं भेंट की। उन्हें श्रमण भगवान महावीर स्वामी जनम कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम तथा मंडल के इतिहास की विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यपाल ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर महामंडल के कोषाध्यक्ष मनोहर पारख, मंत्री पंकज झामर एवं आशीष डांगी उपस्थित थे। मंडल के संयुक्त महामंत्री अनिल खिंवसरा किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके।

राजस्थान विकास मंच महाराष्ट्र

# राजस्थान दिवस समारोह कल

- प्रतिभाएं होंगी सम्मानित
- राजस्थान दिवस की तैयारियां पूरी



दिनेश चन्द्र रावल/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** महाराष्ट्र की पुण्य नगरी ठाणे में म्हारो रंगीलो राजस्थान की छटा बिखेरता वीरता की गाथा और जौहर की याद दिलाता राजस्थान दिवस 30 मार्च को एक महोत्सव के रूप में मनाने जा रहा है। राजस्थान विकास मंच इस कार्यक्रम की पूरी रूप रेखा व तैयारियां अंतिम चरण तक पूरी हो चुकी है। राजस्थानी समाज तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई थी जिसमें मीडिया को जानकारी देते हुए राजस्थान विकास मंच के अध्यक्ष कपूर रामावत ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस आयोजन में विभिन्न प्रतिभाओं को राजस्थान विकास मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। जैसे इस कार्यक्रम में राजस्थान के गौरव प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान देने वाले आईएएस अधिकारी भूषण गगरानी, इंदुरानी जाखड़ , निधि चौधरी सत्यनारायण चौधरी एवं राष्ट्रपति के द्वारा वीरता पुरस्कार प्राप्त आर. नितिन को सम्मानित किया जाएगा एवं सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले शांतिलाल पोखरना (प्रबंध निदेशक रेमंड कंपनी)थाने महाराष्ट्र मुंबई हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक गौतम भंसाली समाजसेवक मनोज जैन प्रबंधक टिप टॉप होटल राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार पदमश्री सम्मानित अली मोहम्मद एवं गनी मोहम्मद, सीए जसराम चौधरी देवीलाल पुरोहित, सरिता राठौर अंजना कोठारी कलाकार पिया चौहान रामानुज भट्टर कुमारी यशी मेहता एवं राकेश जैन को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजित राजस्थान दिवस समारोह 30 मार्च की तैयारी के पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान विकास मंच के द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में सर्व राजस्थानी समाज 36 कॉम को आमंत्रित किया गया है और इस कार्यक्रम को सभी राजस्थानी समाज के साथ मिलकर बहुत ही भव्य और विशाल रूप से मनाने का आह्वान किया है। इस बार राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक संगीत के साथ कार्यक्रम पेश किया जाएगा। 30 मार्च को शाम 5:00 बजे से यह कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। राजस्थान विकास मंच के द्वारा शानदार आयोजन किया जा रहा है।

## सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज का स्नेहमिलन 6 को

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज का हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली स्नेह मिलन समारोह काशीमीरा स्थित श्रीं खेतेश्वर आश्रम मे मनाया जाएगा। स्नेह मिलन समारोह को लेकर तैयारिया जोर शोर से चल रही है। यह स्नेह मिलन समारोह 6 अप्रेल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है. जिसमे सुड़ा परगना के कई समाज बंधु उपस्थित रहेंगे। स्नेह मिलन मे सुबह से ही पुरुषो के साथ महिलाए व बच्चे भी भाग लेते है जो पुरे दिन भजन कीर्तन व राजस्थानी गैर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस स्नेह मिलन सम्मेलन के लाभार्थी श्रीमती ओटीदेवी धर्मपत्नी स्वःकपुराजी राजपुरोहित, मामावली परिवार है। सुड़ा परगना राजपुरोहित के सम्मेलन मे पूना,सूरत, अहमदाबाद, वापी समेत महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से समाज बंधु भाग लेंगे। सम्मेलन के लाभार्थी इंद्रजीत पुरोहित मामावली ने बताया की इस विशेष अवसर पर हमारे सुड़ा परगना राजपुरोहित समाज के सात गांव जिसमे मामावली, धानता,वेलांगरी,सिलोईया,सिंन्दरथ,सरतरा व पाडीव के समाज बंधु भाग लेते है।



## हिंदू नववर्ष स्वागत महोत्सव गोदा तट पर साकार

**नासिक।** हिंदू नववर्ष स्वागत महोत्सव के निमित्त पर गोदातट पर बीस हजार वर्गफीट की महारंगोली सौ महिलाओं के योगदान से साकार की गई है। इस महारंगोली के माध्यम से पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को दर्शाया गया है, जिसके माध्यम से उनके जीवन का कर्तृत्व, नेतृत्व और दातृत्व को उनके त्रिशताब्दी जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में रेखांकित किया गया है। हिंदू समाज की एकता और अस्मिता के लिए उन्होंने भारत के 41 विभिन्न स्थानों पर अनेक मठ, मंदिर, घाट, धर्मशालाएं, कुएं आदि लगभग 2000 निर्माण कार्य किए, जिससे प्रजाहित की रक्षा हुई। इसका चित्रण इस रंगोली में किया गया है। सुराज्य और प्रजाहित की रक्षा के लिए किए गए कृषि विषयक और आर्थिक नियोजन का भी चित्रण इस महारंगोली में किया गया है। इस रंगोली का पहला बिंदु रखने हेतु नानासाहेब होलकर, जो अहिल्यादेवी के आठवें वंशज हैं, उपस्थित थे। इसी अवसर पर महिला कीर्तनकार प्रेरणा बेले ने पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर का चरित्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवाजीराव बोंदार्डे, चंद्रशेखर जोशी, राजेश दरगोडे, आरती गरुड, सुजाता कापुरे, निलेश देशपांडे उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मयुरी शुक्ल ने किया। उक्त कार्यक्रम नासिक मनपा और नववर्ष स्वागत समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कर्मभूमि में जन्मभूमि की महक

# 'गुज राज युवा संघ' का भव्य होली उत्सव

**मुंबई/अहमदाबाद।** प्रवासी राजस्थानी समाज द्वारा गठित 'गुज राज युवा संघ' हर साल होली पर्व पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता हैं, जिसमें हजारों लोग उमड़ते हैं। संघ के संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक भरत राजपुरोहित मंडवाड़ा बताते हैं कि उन्होंने कर्मभूमि गुजरात और जन्मभूमि राजस्थान को मिलाकर संघ का नाम 'गुज राज' रखा हैं। उनका उद्देश्य हैं कि प्रवासी राजस्थानी समाज, जो विभिन्न व्यवसायों और नौकरियों के सिलसिले में वर्षों से अहमदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में बसा हुआ हैं, एक साथ मिलकर अपनी संस्कृति और त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाते हैं। 'होली के रंग, राजस्थान दिवस के संग' रविवार की शाम मेवाड़ा ग्रीन पार्टी प्लॉट पर इस विराट होली स्नेहमिलन आयोजन में पुरुष पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा-धोती-पोती-पहने, हाथ में ढिढौलिया लेकर मशहूर गैर नृत्य करेंगे। ढोल व चंग की थाप पर फाग के लोक गीतों की गूंज हर ओर सुनाई देगी। वहीं, महिलाएं ओढ़नी-घाघरा पहनकर पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत करती हैं, जिससे मानो पूरा वातावरण राजस्थान की खुशबू से भर जाता हैं। आयोजकों का कहना हैं कि यह कार्यक्रम उन्हें जन्मभूमि से भले ही दूर रखता हो, लेकिन मन से नहीं। संघ संस्थापक राजपुरोहित के अनुसार, मारवाड़ व मेवाड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग रोजगार की तलाश में अहमदाबाद आते हैं और यहीं बस जाते हैं। कुछ परिवार राजस्थान में समय-समय पर आना-जाना कर लेते हैं, मगर कई ऐसे भी हैं जो पारिवारिक रूप से पूरी तरह यहीं रच-बस गए हैं। ऐसे में होली, दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर अपने मूल राज्य की याद उन्हें अक्सर सताती हैं। यही कारण हैं कि 'गुजराज युवा संघ' ने एक ऐसा मंच तैयार किया हैं जहां सभी प्रवासी राजस्थानी इकट्ठा होकर सांस्कृतिक त्योहार मनाते हैं। इससे नई पीढ़ी भी अपनी विरासत से जुड़ी रहती हैं और साथ ही गुजरात के स्थानीय समाज को राजस्थानी संस्कृति का परिचय मिलता हैं। भरत राजपुरोहित कहते हैं कि जन्मभूमि से दूर रहकर भी अपनी संस्कृति को जिंदा रखना उनकी प्राथमिकता हैं। ईमानदारी से व्यवसाय और नौकरी में आगे बढ़ रहे प्रवासी राजस्थानी आज अपने कर्मभूमि के साथ गहरा रिश्ता बनाते हुए, अपनी परंपरा को भी जीवंत बनाए हुए हैं।



# अंतर्नाद ने नववर्ष स्वागत समारोह का शुभारंभ

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका और नववर्ष स्वागत यात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्नाद यह भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य और गायन का भव्य कार्यक्रम नासिक मनपा की आयुक्त मनीषा खत्री, प्रसिद्ध चित्रकार प्रमोद कांबळे और अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल के कुलसचिव विश्वास जाधव की उपस्थिति में गोदावरी के तट पर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथियों ने कला प्रेमी युवा पीढ़ी की सराहना की और अंतर्नाद कार्यक्रम को नासिक नगरी का गौरव बताया। इस अवसर पर अशोका बिल्डकॉन के अशोक कटारिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक स्वप्निल माशालकर ने किया, आभार प्रदर्शन तृषाली पाठक ने किया और नेहा देशपांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया। मंच पर गुणगौरव न्यास के अध्यक्ष प्रफुल्लजी संचेती, नववर्ष स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवाजी बोंदार्डे, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस सांगीतिक कार्यक्रम में नासिक नगरी के लगभग 71 गुरुकुल और उनके गुरु शामिल हुए, और लगभग बारह सौ विद्यार्थी कलाकार वादन हेतु उपस्थित रहे। सभी कलाकारों ने कई उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

प्रमुख अतिथियों ने की कला प्रेमी युवा पीढ़ी की सराहना



## एक शाम वरिष्ठ नागरिकों-अनाथ बच्चों के नाम

**भायंदर।** सक्षम फाउंडेशन द्वारा अनाथ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सक्षम फाउंडेशन द्वारा 29 मार्च को शाम पांच बजे से लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। समिति अग्रवाल के अनुसार इस चैरिटी कार्यक्रम में मशहूर म्यूजिकल शो सारेगामापा के 11 बार विजेता रहे अभिजीत घोषाल अपनी टीम के साथ कार्यक्रम करने वाले है। सुमित अग्रवाल के अनुसार सक्षम फाउंडेशन जरूरतमंद लोगों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से कार्य करता है जिसमे समाजसेवियों का साथ उन्हें मिलता है। सक्षम फाउंडेशन अनाथ बच्चों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करता है साथ ही बुजुर्गों की सेवा का कोई मौका नहीं छोड़ता है।

# मीरा-भायंदर मनपा का कौशल प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा, कोटक एजुकेशन फाउंडेशन और टेक महिंद्रा फाउंडेशन के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से मनपा क्षेत्र के 11वीं, 12वीं तथा स्नातक उत्तीर्ण युवक-युवतियों के लिए एक उल्लेखनीय कौशल प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण गुरुवार, 27 मार्च को परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के करकमलों से संपन्न हुआ। इस केंद्र के माध्यम से मुफ्त में विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेस का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रशिक्षुओं को भविष्य में नौकरी के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। इस शुभारंभ अवसर पर युवाओं ने उत्स्फूर्त प्रतिसाद दिया। मीरा-भायंदर मनपा की 36 स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर चुके साढ़े नौ हजार छात्रों को पारिवारिक पृष्ठभूमि समान न होने के कारण निर्माण, मिस्त्री आदि असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने के लिए विवश होना पड़ता है। हमारे विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो, इसी विचार की प्रेरणा से 'Employability @18' और 'Campus Place-ment @MBMC' यह उपक्रम शुरू किया गया है। इस उपक्रम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। इस प्रशिक्षण केंद्र में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस तथा कस्टमर रिलेशनशिप एंड सेल्स ये दो पाठ्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होंगे। इन पाठ्यक्रमों में विषय विशेषज्ञता के साथ-साथ अंग्रेज़ी संवाद, व्यक्तित्व विकास, कंप्यूटर कौशल, इंडस्ट्री विजिट्स एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन जैसी सभी जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही नौकरी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। ये दोनों पाठ्यक्रम अप्रैल से शुरू किए जाएंगे। बड़ी संख्या में युवाओं ने इन कोर्सेस में प्रवेश लिया है। इस उपक्रम का उद्घाटन मान्यवरों की उपस्थिति में अत्यंत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि, "आज के आधुनिक युग में अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु प्रशिक्षित एवं कुशल युवाओं की भारी आवश्यकता है। व्यावसायिक दृष्टिकोण अब प्रत्येक उद्योग-व्यवसाय की प्राथमिकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्योग-धंधे शुरू करना जितना राजनीतिक व्यवस्था का कर्तव्य है, उतना ही इन उद्योगों को आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। मनपा आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा (भा.प्र.से.) ने भी अपने भाषण में महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, "केवल शैक्षणिक प्रणाली से डिग्रीधारी तैयार होने की बजाय उनके हाथों में काम मिले, ऐसे कौशल प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी कारण ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से कुशल मानव संसाधन तैयार करना समय की आवश्यकता बन गया है। यह प्रशिक्षण केंद्र केवल युवाओं का भविष्य उज्ज्वल नहीं करेगा, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में उनका सार्थक योगदान भी सुनिश्चित करेगा। भविष्य की जरूरतों के अनुसार और भी ऐसे प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए जाएंगे तथा विभिन्न कौशल प्रदान करने वाले संस्थाओं का मनपा स्वागत करती है। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. समीर बांगर, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, सहायक आयुक्त (शिक्षा) मृदुला जोशी एवं अन्य मनपा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# नासिक मनपा के रिटायर कर्मियों का सेवापूर्ति सत्कार समारोह संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**नासिक।** नासिक मनपा के विभिन्न संवर्गों और विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो निर्धारित आयु के अनुसार मार्च 2025 माह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनके सम्मान में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सेवापूर्ति सत्कार समारोह 28 मार्च को सायंकाल साढ़े 5 बजे मनपा मुख्यालय, राजीव गांधी भवन में संपन्न हुआ। नासिक मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक की ओर से उप आयुक्त (कर) अजीत निकत ने उप अभियंता मोहम्मद एजाज काज़ी, वरिष्ठ लिपिक महेंद्र परदेशी, कनिष्ठ लिपिक सुनील खरे, वाहनचालक विजयानंद स्वामी, बिगारी श्रावण शिराल, लेखराज चव्हाण, रविंद्र जगताप, प्रविण पवार, छाया पाटील, हेमंत मोरे, सिंधुताई इप्पर, स.कामगार बशीरखान पठान, मुदलीधर लांडे तथा अन्य स्वैच्छिक सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का स्मृतिचिह्न, शाल, श्रीफल वृक्षरोपण देकर सेवापूर्ति सत्कार किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवापूर्ति विदाई देने के लिए मनपा के उप आयुक्त अजीत निकत, जनसंपर्क अधिकारी योगेश कमोद, विभागीय अधिकारी मदन हरिश्चंद्र, राजाराम जाधव, योगेश अडभाई, गोकुल आवारे सहित नितीन बागुल, इफ्तेखार शेख, विरु कामे, साहिल बोडके आदि उपस्थित थे।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जीत की तलाश में गुजरात और मुंबई



## ▶▶ दोनों टीमों के बीच अब तक आईपीएल में 5 मुकाबले हुए

**अहमदाबाद।** जैसे-जैसे आईपीएल 2025 का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही टूर्नामेंट का रोमांच भी बढ़ रहा है। 29 मार्च को आईपीएल 2025 का नौवां मुकाबला गुजरात टाइटन्स (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने आईपीएल में अपना आगाज हार के साथ किया है, वहीं इस मैच को जीतने पर गुजरात और मुंबई दोनों की ही निगाहें हैं। गुजरात टाइटन्स और एमआई के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। तो जानते हैं गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस में से कौन किस पर भारी पड़ सकता है। सबसे पहले जान लेते हैं कि गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच कितनी बार भिड़ंत हुई और कौन कितनी बार बाजी मार चुका है। दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो इसमें गुजरात की टीम थोड़ी आगे नजर आती है। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं, जिनमें जीटी ने 3 और एमआई ने 2 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो गुजरात टाइटंस का हाईएस्ट स्कोर 233 और मुंबई इंडियंस का 218 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में जीटी का मुंबई इंडियंस के खिलाफ सबसे कम स्कोर 168 रन है तो वहीं मुंबई का जीटी के खिलाफ सबसे कम स्कोर 152 है। अब बात करते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 की, तो सबसे पहले देखते हैं जीटी की प्लेइंग 11, गुजरात टाइटन्स आईपीएल 2025 में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलेगी।

### जीटी की संभावित प्लेइंग टीम

- शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, साई किशोर, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा। जबकि शाहरुख खान और महिपाल लोमरोर इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं।
- आईपीएल 2025 के पहले मैच में शुभमन गिल, साई सुदर्शन के साथ पारी की शुरुआत करते नजर आएंगे। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और नंबर 4 पर ग्लेन फिलिप्स या राहुल तेवतिया को भेजा जा सकता है।
- एमआई की संभावित टीम
- इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

प्लेइंग 11 रोहित शर्मा, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, ट्रेंट बोल्ट शामिल हो सकते हैं। जबकि रॉबिन मिंज और विग्नेश पुथुर इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेल सकते हैं। इस मैच में मुंबई की प्लेइंग 11 में सबसे बड़ा बदलाव छठे नंबर पर देखने को मिलेगा, जहां कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी होगी। एक मैच के प्रतिबंध के कारण बाहर रहे पांड्या अब टीम का नेतृत्व करेंगे। उनकी वापसी के चलते रॉबिन मिन्ज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

ये तो रहा टीम और प्लेइंग 11 का लेखा-जोखा अब आते हैं, पिच रिपोर्ट पर। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच की सतह आम तौर पर सपाट होती है और बाउंस सही होता है, जो इसे स्ट्रोक खेलने के लिए बहुत अनुकूल बनाता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर आम तौर पर बल्लेबाजों को फायदा होता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वैसे तो कई पिच हैं, लेकिन इसकी मेन पिच काली कपास मिट्टी से बनी है, जिसे Black Soil Pitch कहा जाता है। इस तरह की पिच गेंद को अच्छा उछाल देती है, जो बल्लेबाजों को रन बनाने में बहुत मदद करती है। अगर गेंदबाजी के नजरिए से की बात करें, तो इस पिच पर शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन जैसे जैसे बॉल पुरानी होती जाती है, तो स्पिनर को मदद मिलने लगती है और वो अच्छे विकेट भी निकाल लेते हैं। अब तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कुल 37 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 16 मैच जीते। चेज करने वाली टीम ने 20 मैच जीते। 1 मैच का कोई रिजल्ट नहीं निकला।

# प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल

## आरसीबी टॉप पर, एलएसजी लंबी छलांग के साथ पहुंची दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आसानी से हरा दिया। इस तरह ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को सीजन की पहली जीत मिली। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। बहरहाल, लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।



### सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका

- इस करारी के बाद पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अब सनराइजर्स हैदराबाद प्वॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर खिसक गई है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद टॉप पर काबिज थी। वहीं, पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद की हार का फायदा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को मिला। अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु टॉप पर पहुंच गई है। जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इसके बाद तीसरे नंबर पर पंजाब किंग्स है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स प्वॉइंट्स (सीएसके) टेबल में चौथे नंबर पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पांचवें नंबर पर काबिज है। साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सातवें नंबर पर है। हालांकि, इस समय टॉप पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से सातवें नंबर पर काबिज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर के बराबर 2-2 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर टीमें आगे-पीछे है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस (एमआई), गुजरात टाइटंस (जीटी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को सीजन की पहली जीत का इंतजार है।

# पूरन गेंदबाजों का निकाल रहे चूरन

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मात्र 18 गेंदों में फिफ्टी लगा दी है। उन्होंने आईपीएल इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। मजे की बात यह है कि आईपीएल में लखनऊ के लिए सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड भी पूरन के ही नाम है। उन्होंने साल 2023 में आरसीबी के खिलाफ मैच में 15 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ल ी थी। आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में निकोलस पूरन सबसे आगे निकल गए हैं। इस सीजन पूरन से पहले सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड ट्रेविस हेड के नाम था। ट्रेविस हेड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था। वहीं मिचेल मार्श ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 21 गेंद में ही फिफ्टी पूरी की थी।



# आईपीएल 2025 में चमके पुथुर, निगम और वर्मा

## मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स को कराया फायदा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में मुंबई ने विग्नेश पुथुर, दिल्ली ने विपराज निगम और हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा को काफी सस्ते में टीम में शामिल किया था। तीनों ने ही अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल 2025 में विग्नेश पुथुर, विपराज निगम और अनिकेत वर्मा को उनकी टीमों ने बहुत कम पैसे खर्च कर टीम में शामिल किया था। तीनों ही खिलाड़ियों ने अभी तक अपनी-अपनी टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस ने लेफ्ट ऑर्म रिस्ट स्पिनर विग्नेश पुथुर को सिर्फ 30 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने विपराज निगम को सिर्फ 50 लाख रूपये में टीम में शामिल किया था। टीम के पहले ही मैच में विपराज ने जबरदस्त पारी खेली थी। विपराज की यह पारी तब आई जब उनकी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मुश्किल में पड़ गई थी। सनराइजर्स हैदराबाद ने सिर्फ 30 लाख में अनिकेत वर्मा को टीम में शामिल किया था। अनिकेत ने अभी तक टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।



# म नो रं ज न

# 'कृष 4' में ऋतिक को नई जिम्मेदारी

कृष फ्रेंचाइज़ी बच्चों से लेकर बड़ों तक की फेवरेट रही है। अब मच अवेटेड 'कृष 4' की भी तैयारी शुरू हो गई है। 'कृष 4' में ऋतिक रोशन सुपरहीरो के किरदार में तो नजर आएंगे ही वहीं वे इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी संभालेंगे। ऋतिक रोशन के पिता और फिल्म मेकर राकेश रोशन ने इसकी अनाउंसमेंट कर दी है। इसी के साथ 'कृष 4' को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी पीक पर पहुंच गई है। ऋतिक रोशन 'कृष 4' के साथ डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। अपनी मैग्नेटिक स्क्रीन प्रेजेंस और अपने काम के प्रति डेडीकेशन के लिए जाने जाने वाले, ऋतिक के निर्देशन में कदम रखने से फैंस बेहद खुश हैं। राकेश रोशन ने ऋतिक के डायरेक्शन मे डेब्यू की अनाउंसमेंट करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है। '25 साल पहले एक्टर के तौर पर किया लॉन्च अब डायरेक्टर के तौर पर' राकेश रोशन ने बेटे ऋतिक संग अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, " डुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के रूप में लॉन्च किया था, और आज फिर 25 साल बाद तुम्हें दो फिल्म निर्माताओं आदित्य चोपड़ा और मेरे द्वारा हमारी सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कृष 4 को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्देशक के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। इस नए अवतार के लिए तुम्हें ढेरो शुभकामनाएं, विद गुड विशेज एंड ब्लेसिंग्स! " वहीं राकेश रोशन ने मीडिया से बातचीत में कहा, " "मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं जिन्होंने इस फ्रैंचाइज़ी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके सपने देखे हैं ऋतिक के पास कृष की यात्रा को अगले दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक क्लियर और बहुत ही महत्वाकांक्षी विज़न है। मुझे इससे ज़्यादा गर्व की अनुभूति नहीं हो सकती कि वह एक ऐसी फ़िल्म के लिए निर्देशन की टोपी पहने हुए हैं, जिसका मतलब एक परिवार के रूप में हमारे लिए दुनिया है। कृष ने दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन किया है और ऋतिक अब इस सुपरहीरो सागा के अगले चैप्टर्स को लाएंगे और इतने साल पहले मेरे द्वारा बनाए गए विज़न को और ज्यादा ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।"






# सनी-सल्लू की घिबली आर्ट्स की तस्वीरें वायरल

आजकल घिबली आर्ट्स बहुत ज्यादा ट्रेंड में है। कई बॉलीवुड सेलेब्स के घिबली आर्ट्स बन रहे हैं। सनी देओल के जाट लुक से लेकर सलमान खान के राम मंदिर घड़ी तक का इमेज बना है।घिबली आर्ट्स से कई बॉलीवुड सेलेब्स की फोटोज बनी हैं। बॉलीवुड फिल्मों से लेकर उनके किरदारों तक सभी की फोटोज बनाई गई हैं। ये सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सनी देओल की फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। जाट के आने से पहले उसका घिबली आर्ट्स बना दिया है। इसमें सनी देओल बहुत क्यूट लग रहे हैं। शाहरुख खान बॉलीवुड के फेवरेट एक्टर्स में से एक हैं। उनके कभी खुशी कभी गम के एक सीन का घिबली आर्ट्स बना है। जिसमें वो भागते हुए नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान की फिल्म देवदास भी हिट साबित हुई थी। ये फोटो उन्हीं की फिल्म का एक सीन है। सलमान खान इन दिनों सिकंदर के प्रमोशन में लगे हुए हैं। सलमान ने हाल ही में राम मंदिर वॉच पहने हुए फोटो शेयर की थी। अब उनकी फोटो का भी घिबली आर्ट बन गया है। भूल भुलैया में राजपाल यादव ने छोटा पंडित का किरदार निभाया था। आज भी उन्हें उसी लुक से जाना जाता है। प्रभास की जब भी बात आती है तो उनकी बाहुबली याद आ जाती है। शिवलिंग कंधे पर लेकर जाते हुए नजर आए थे। उनके उस सीन का भी आर्ट बना दिया गया है। तारे जमीन पर आमिर खान की हिट फिल्मों में से एक है। ये फोटो आमिर और दर्शील सफारी की तारे जमीन पर से है।

# भाईजान की भगवा घड़ी पर ऐतराज

अभिनेता सलमान खान की श्री राम मंदिर घड़ी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सख्त ऐतराज जताया है। मौलाना के मुताबिक शरिया में किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं है और ऐसा करना हराम माना गया है। दरअसल, सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर कीं। सलमान इस दौरान अपने हाथ में एक खास घड़ी पहने हुए हैं, जिसमें अयोध्या के श्री राम मंदिर की तस्वीर अंकित है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, "ईद पर सिनेमाघरों में मिलते हैं।" अब ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इसे पाप समान बताया है। वीडियो जारी कर उन्होंने बताया कि मैं शरिया के दृष्टिकोण से इस मामले को स्पष्ट करना चाहता हूं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सलमान खान एक मशहूर मुसलमान हैं और हिन्दी फिल्मों में अपने अभिनय की वजह से जाने जाते हैं। लाखों की तादाद में उनके चाहने वाले हैं। राम मंदिर के प्रचार के लिए एक घड़ी बनाई गई है। सलमान खान ने प्रचार के लिए उस घड़ी को पहन रखा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह सबसे पहले मुसलमान हैं। रजवी ने आगे कहा, "इस्लामी कानून किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं देता है। यदि कोई मुसलमान इस तरह के प्रचार में शामिल होता है-चाहे वह मंदिर का हो या 'राम संस्करण' वाली घड़ी पहनकर तो शरिया के अनुसार, वह अपराध कर रहा है और उसे पाप माना जाता है। यह कार्य हराम है और उसे इससे बचना चाहिए। मैं सलमान खान को नसीहत देना चाहता हूं कि वह अपने हाथों से राम नाम एडिशन की घड़ी उतार दें।" बता दें कि सलमान खान की फिल्म सिंकदर सिनेमाघरों में ईद पर 30 मार्च को रिलीज हो रही है।



# 'फौजी' बने इमरान हाशमी

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में इमरान विलेन बने नजर आए थे। नेगेटिव रोल में भी उन्होंने सभी को काफी इंप्रेस किया था। पिछले काफी वक्त से इमरान हाशमी अपनी अपकमिंग फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में छाए हुए थे। फिल्म के मेकर्स ने अब इसका ऑफिशियल टीजर शेयर कर दिया है। टीजर में इमरान को 'फौजी' बने हुए देखा जा सकता है। इमरान की फिल्म ग्राउंड जीरो का टीजर 1 मिनट 11 सेकंड का है। इस टीजर में एक्टर एक रिलय लाइफ हीरो बने हुए नजर आ रहे हैं। इमरान ने ग्राउंड जीरो में एक आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाया है। टीजर में इमरान के दमदार डायलॉग हैं, जो सभी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। साहस और बलिदान की कहानी दिखाता हुआ ये टीजर काफी पसंद किया जा रहा है। टीजर की शुरुआत में ही कश्मीर के मुद्दे को उठाया गया है। कश्मीर में अशांत माहौल दिखाया गया है, जहां दिन दहाड़े आर्मी ऑफिसर को गली मार दी जाती है। इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो की कहानी रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है।



# खतरों के खिलाड़ी में गोविंदा की भांजी

रोहित शेट्टी होस्टेड शो खतरों के खिलाड़ी इन दिनों चर्चा में बना है। शो का 15वां सीजन जल्द ही शुरू होने वाला है। शो को लेकर अभी तक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। लेकिन शो में कौन-कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे इसे लेकर खबरें हैं। शो में गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की कजिन रागिनी खन्ना के होने के चांसेस हैं। रागिनी को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं टीवी स्टार्स ग्रेसी गोस्वामी को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। हो सकता है ग्रेसी का नाम फाइनल हो जाए। इसके अलावा बिग बॉस ओटीटी विनर 2 एल्विश यादव को भी शो का ऑफर दिया गया है। वहीं बिग बॉस 18 की फाइनलिस्ट चुम दरंग को भी शो ऑफर हुआ है। टीवी की डीवाज एरिका फर्नांडिस और सुरभि ज्योति को शो के लिए अप्रोच किया गया है। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को भी ऑफर दिया गया है। जल्द ही चीजें फाइनल हो जाएंगी। इसके अलावा गुम हैं किसी के प्यार के फेम एक्टर भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है। बिग बॉस 18 फेम ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा को भी ऑफर मिला है। झनक एक्टर कुशाल अहूजा की भी मेकर्स के साथ बातचीत चल रही है।



राजस्थान दिवस महोत्सव

# हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलेगाः मुख्य सचेतक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर क्लब में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सुशासन एवं ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेही सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभान्वितों को बधाई देते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। समारोह के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप. के गावंडे व मंजू सोलंकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों को किस्त के चैक, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन का रोजगार वाले श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेण्डर्स को वि' य प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्य' म का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।



## विकास में भागीदार बनने की ली शपथ

राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को राजपत्रित अवकाश होने के कारण जिले के सभी राजकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में 28 मार्च को शपथ समारोह का आयोजन हुआ। राजस्थान दिवस के गौरवमयी अवसर पर शु' वार को सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रदेश के विकास, खुशहाली, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए स' य भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने उपस्थित होकर विरासत भी और विकास भी की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के विकास के प्रति निष्ठा के लिए संकल्पबद्ध रहकर काम करने की शपथ ली।

## पंच गौरव पुस्तिका का हुआ विमोचन

जिला स्तरीय समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा व नगर परिषद आयुक्त अनिता पहाड़िया द्वारा जालोर जिले की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिका में जालोर जिले के पंच गौरव एक जिला एक गतव्य 'सुंधा माता', एक जिला एक उत्पाद 'ग्रेनाइट', एक जिला एक उपज 'अनार', एक जिला एक खेल 'बॉक्सिंग' एवं एक जिला एक प्रजाति 'जाल वृक्ष' के संबंध में विस्तृत जानकारी का समावेश किया गया है। समारोह में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दिलीप माथुर, डीपीएम नरेन्द्र कुमार, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनलाल विश्नोई सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



# हिन्दू नववर्ष पर आधारित पॉकेट पंचांग का किया विमोचन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** हिन्दू नववर्ष पर आधारित महालक्ष्मी पॉकेट पंचांग विक्रम संवत 2082, ईस्वी सन् 2025-26 का विमोचन निजी विद्यालय संघ, जालोर एवं नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। पॉकेट पंचांग के निर्माता आचार्य डॉ. पुष्पदत्त दवे ने बताया कि इस पंचांग में हिन्दू चैत्र मास से बारह मास तक के तिथि, वार, नक्षत्र, पर्व, त्यौहार, उत्सव आदि का सरलता से वर्णन किया गया है। यह पंचांग भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुड़ा है। इसमें हमारी धार्मिक और संस्कृति के धरोहरों को संजोया है। पंचांग के अनुसार सनातन धर्म के विशेष पर्व, उत्सव, त्यौहार, पंचक, बिछुड़ा, पुष्य नक्षत्र, नवरात्रि, दीपावली पूजन, श्राद्ध पक्ष, ग्रहण, शनि पनौती, वार्षिक राशिफल एवं प्रतिदिन की तिथियां का बोध करवाता है। इस दौरान निजी विद्यालयों के संचालकों समेत अन्य नागरिक मौजूद थे।

## प्लेसमेन्ट शिविर में 37 आशार्थियों का हुआ चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय परिसर में हुआ। शिविर में जिला रोजगार अधिकारी राजीव कुमार सुथार ने उपस्थित आशार्थियों को विभागीय योजना व रोजगार पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में निजी संस्थान स्वतंत्र माइ' ोफिन प्रा.लि. सिरोही, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस जालोर व बड़वे ऑटोटेक प्रा.लि. अहमदाबाद द्वारा उपस्थित आशार्थियों के साक्षात्कार के उपरांत कुल 37 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर रोजगार विभाग के कार्मिक भजनलाल, किरणसिंह, मनोज कुमार व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर के समूह अनुदेशक उम्मेदसिंह सहित बड़ी संख्या आशार्थी उपस्थित रहे।

# रानीवाड़ा को पुन: ग्राम पंचायत बनाने पर पूर्व विधायक का आभार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी आदेश से रानीवाड़ा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत बनाए जाने पर रानीवाडा के स्थानीय निवासियों एवं व्यापारी बंधुओं ने राज्य सरकार एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल का आभार जताया। स्थानीय निवासी रिडमलसिंह डाभी ने बताया कि पूर्व में रानीवाड़ा के व्यपारियों एवं आमजन ने मिलकर रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल को राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन देकर रानीवाड़ा नगरपालिका को पुनः ग्राम पंचायत में तब्दील करने की मांग की थी। रानीवाड़ा को नगरपालिका बनाए जाने से शहरी क्षेत्र घोषित के कारण रानीवाड़ा के स्थानीय निवासियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था साथ की कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकार की ओर से पुनः ग्राम पंचासत बनाएं जाने पर स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है एवं लोग राजस्थान की भाजपा सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे है।

# जालोर की बेटी ने जीता गोल्ड मेडल, किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 मार्च को आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 200 मीटर रनिंग में जालोर की बेटी ललिता गर्ग ने गोल्ड मेडल जीता है। शुक्रवार को गर्ग जालोर आने पर जालोर गर्ग समाज व मुख्य सचेतक ने स्वागत किया। गर्ग समाज के नगर महामंत्री जितेंद्र गर्ग में बताया कि सायला उपखण्ड के बोरवाडा निवासी ललीता कुमारी पुत्र मोहनलाल ने गोल्ड मेडल जीत कर जालोर का नाम रोशन किया। जालोर आने पर गर्ग समाज, विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जालोर वासियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता विजेता खिलाड़ी का जगह-जगह माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विधानसभा मुख्य सचेतक ने अपने घर पर स्वागत किया। गर्ग ने ममता को आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने के लिए बोला, और हर वक्त सहयोग करने की बात की। भीनमाल रोड पर आयोजित गर्ग आश्रम में गर्ग समाज के लोगों ने स्वागम किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य मिश्रीलाल बागरेचा ने कहा कि ललिता के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना जालोर एवं गर्ग समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है। भंवरलाल गर्ग, वेदाराम गर्ग, नगर अध्यक्ष भागीरथ गर्ग, गोपीलाल, जितेन्द्र गर्ग, ओम प्रकाश गर्ग, प्रताप गर्ग, भंवरलाललाल पोल, नैनाराम गर्ग, रमेश गर्ग, मांगीलाल, मोहनलाल , रामेश्वरलाल, पारसमल, सुरेश गर्ग, राजू गर्ग, जगजीवन गर्ग, भूराराम, अमरराम, तगाराम चौधरी, रमेश चौधरी, जोइताराम राणा, ओमप्रकाश सायला, हड़मत गर्ग सायला सहित समाजबंधु उपस्थित थे।



# भाजपा दुर्भावना से कर रही परिसीमन और पुनर्गठन का कामः मेघवाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की बैठक शक्रवार जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष मेघवाल ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों की सीमावृद्धि,वार्डों का परिसीमन,पुनर्गठन तथा पंचायत राज संस्थाओं में पुनर्सीमांकन जनभावना के विपरीत तथा नियम विरूद्ध एवं राजनैतिक दुर्भावना से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनमाने तरीके से नगर निकायों एवं पचांयती राज संस्थाओं में किए जा रहे परिसीमन/पुनर्गठन के विरूद्ध हम समस्त कांग्रेसजन को आवाज उठानी चाहिए। सभी को परिसीमन, पुनर्गठन हेतु समयसीमा अनुसार दावे आपत्ति दर्ज करवानी चाहिए। प्रदेश महासचिव नैनसिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा ने भी संबोधित किया। ईशराराम विश्नोई, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत, मांगीलाल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, लक्ष्मण सांखला, जवानाराम परिहार, मदनलाल दहिया, सोनाराम मेघवाल, खुशाल सिंह राजपुरोहित, लालसिंह राजपुरोहित, चतराराम सुथार, अनिल पंडत, इंदु परिहार, गीताश्री, शीला चौधरी, जुबेदा नागोरी, खसराम मेघवाल, देवाराम सांखला, प्रेमसिंह मिठडी, जीवाराम परमार, सुरेश मेघवाल, बाबू बस्तीमल चौहान, तरुण सोलंकी, महेंद्र सोनगरा, मांगीलाल गर्ग, आलम खान खेतलवास, फूसाराम माली, जोगाराम सरगरा, उम्मेदसिंह चारण, वगताराम चौधरी, कमल सिंह बालावत, वाहिद मेहर, ओमप्रकाश चौधरी, शेरसिंह, कपूराराम परिहार, करणवीर मेघवाल, हरीश कुमार, इरफान खान आदि मौजूद थे।

# रमजान के पर्व पर शब ए कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** जामा मस्जिद मे शब ए कद्र की रात पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मस्जिद को दुल्हन की तरह सजाया गया एंव गुरूवार देर रात तक खुदा की ईबादत की गई। अध्यक्ष मिस्त्री आबाद खान ने बताया कि शब ए कद्र की रात सबसे बड़ी रात है। इस रात पर मस्जिद के पेश ईमाम हारून रिजवी ने मुसलमानों को इस रात की जानकारी दी 27वीं रात यानि की शब ए कद्र की रात इस रात में कुरान नाजिल हुआ। रात में इबादत जकात फितरा के बारे में जानकारी दी। वही पर सभी मुस्लिमों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। एंव रात भर इबादत की गई मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया। साथ ही खाने पानी व नियाज कि कमेटी के द्वारा व्यवस्था की गई। पूरी रात मुस्लिम भाई खुदा की बारगाह मे ईबादत करते हुए नजर आए एंव कुराने पाक की तिलावत भी की गई।

इस दौरान छोटू मिस्त्री, ईदू, पपन, अमजद, इकबाल, सुब्हान खां, फिरोज खां, रफीक खां, सोकत खां मिरासी, अनवर खां,नासिर खां,मुस्ताक खां सेवाडा सहित सभी मुस्लिम मौजूद रहे।

# काश्तकारों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों का किया घेराव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** विगत दिनों तेज हवा के कारण किसानों की फसलें उड़ने के कारण हुए नुकसान को लेकर किसानों ने रिलायंस कंपनी के टोल फ्री नंबर पर शिकायतें दर्ज करवाई थी। जिसकी जांच के लिए रिलायंस कंपनी के कार्मिक विकास कुमार और उनकी टीम सर्वे के लिए अरणाय गांव में पहुंचे, अरणाय ग्राम इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह चौहान और सचिव राजूराम कुराडा ने बताया कि जब किसानों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों से सर्वे करने के पश्चात एक प्रति मांगी तो रिलायंस के कार्मिकों ने यह कह कर मना कर दिया कि उनके ऊपर के अधिकारियों ने किसानों को कॉपी देने से मना किया है। जबकि सर्वे प्रपत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि संबंधित काश्तकार के हस्ताक्षर उनके मोबाइल नंबर और एक प्रति काश्तकार को देने का प्रावधान है , फिर भी कंपनी की मनमानी के चलते किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।



## किसानों को धोखे में रखने का आरोप

संयुक्त किसान मोर्चा के जिला मंत्री मकाराम चौधरी ने बताया कि कंपनी के कार्मिकों द्वारा सर्वे रिपोर्ट में आधी अधूरी जानकारी भरकर किसानों से हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं और मौके पर फसल खराबे का प्रतिशत भी नहीं भरते हैं। जिससे किसान बीमा क्लेम से वंचित रह जाते हैं। अरणाय में सर्वे के लिए आए रिलायंस के कार्मिक से फोन से बातचीत करने पर सर्वेयर ने बताया कि हमारे ऊपर के अधिकारी सर्वे की एक प्रति किसानों को देने से मना करते हैं, इस बात को लेकर अरणाय में मौके काफी किसान पहुंच गए।

## नारेबाजी की, घेराव किया

आक्रोशित किसानों ने रिलायंस कंपनी के कार्मिकों का घेराव करते हुए नारेबाजी करने लगे, साथ ही इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही, मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईशराराम बिश्नोई ने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि इस तरह क्षेत्र में रिलायंस कंपनी को के द्वारा किसानों के साथ बेईमानी बंद नहीं की तो इसके परिणाम कंपनी को भूगतने पड़ेंगे राजस्थान किसान सभा के जिला अध्यक्ष विरद सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र में रिलायंस कंपनी के कार्मिक सर्वे में यदि फ्रोडिंग करते हैं तो उनका घेराव कर संयुक्त किसान मोर्चा की टीम को तुरंत अवगत करें, उन्होंने जिला कलेक्टर जालौर से मांग की है कि धोखाधड़ी करने वाले कंपनी कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर किसानों को न्याय दिलावें। अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी दी कि कंपनी के कार्मिकों ने सर्वे की प्रति मौके पर उपलब्ध करवाने के बाद ही घेराव बंद किया। मोके पर महेंद्र सिंह चौहान,राजूराम कुराडा, रघुनाथ,अनिल कुमार,ऊकाराम सहित कई किसान मौजूद थे।

# दादी जानकी की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी की पांचवीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर सेवा केंद्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दादी के महान योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर सिणधरी से विनती बहन, इंजीनियर बी एल सुथार, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, एग्जिक्यूटिव इंजीनियर बिजली विभाग से गोपाल, ग्लोबल आई हॉस्पिटल से डॉक्टर धनेश्वर भाई, डॉ. डी सी पुंसल, डॉ. संजय चौधरी, ललित सुथार, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, समर्थराम माली, वालाराम, मंसाराम, हस्तीमल सुथार, आशा माता, नीतू बहन, नीतू सुथार, सूरज देवी, मंजू बेन, सागर बहन सहित कई माताएं और भाई उपस्थित थे।

## जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरने को तीन माह पूरे, जारी रहेगा आंदोलन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर सांचौर संघर्ष समिति के धरने को शुक्रवार को तीन माह पूरे हो गए। जिसको स्थानीय ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है। जिसमें राज्य सरकार से जिले की बाहली की मांग की जा रही है। जिला बाहली को लेकर एडीएम को मुखयमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा।

## करीब दो लाख किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 198925 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 29 मार्च को भंवरानी, बादनवाड़ी, सामुजा, वेडिया, देच्छू, देबावास, ओडवाड़ा, पावटा, सेदरिया बालोतान, थांवला व अगवरी, जालोर तहसील में 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ एवं 29 से 31 मार्च तक पंचायत समिति जालोर, सांचौर तहसील में 29 मार्च को सांकड़, हाडेतर, हरियाली, नैनोल, जैलातरा, पालड़ी सोलंकियान, पांचला, प्रतापपुरा, किलवा व बिजरोल खेड़ा, 29 से 31 मार्च तक सांचौर तथा रानीवाड़ा तहसील में 29 व 30 मार्च तक जोड़वास, कोटड़ा, डूंगरी, भाटीप, चितरोड़ी, सुरजवाड़ा, वणधर, तावीदर, बड़गांव, आजोदर व रानीवाड़ा कलां में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

# कांस्टेबलों पर व्यापारी से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** अरणाय में एक मिठाई की दुकान पर पुलिस कांस्टेबलों द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने सोयिल मीडिया पर वायरल हो विडियो में आरोप लगाया कि करड़ा पुलिस के कुछ कांस्टेबल नियमित रूप से उससे अवैध वसूली की मांग कर रहे थे। जब उसने इस बार पैसे देने से इनकार कर दिया। तो पुलिसकर्मी रात में उसकी दुकान पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन थाने ले जाया गया। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अरणाय में दुकान संचालित करने वाला व्यक्ति अपनी धौंश जमाने के लिए जानबूझकर देर रात्रि तक बिना अनुमति दुकान चालू रखता है। जिस पर बदमाश प्रवृति के लोगो का जमावड़ रहता है। जिसको लेकर उसको समझाईश की गई। दूकान को रात्रि को 12 बजे के बाद चालू नहीं रखने की बात कही थी, जिस पर आरोपी ने पुलिस के साथ गाली गलौज की ओर अपने राजनैतिक प्रभाव को बताते हुए धमकी देने लगा, जिस पर पुलिस आरोपी को पुलिस थाने लेकर गई ।

## देर रात को लगा रहता है जमावड़ा

करड़ा थानाधिकारी कमलेश गहलोत ने बताया कि थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन में अपराधिक प्रवृति लोगों के घूमने व खुली दुकानों पर देर रात्रि तक बैठे रहने की शिकायते मिलने पर पुलिस नियमित रूप से गश्त करती है। अरणाय में एक दुकानदार देर रात्रि 12 बजे बाद भी दुकान चालू रखता है। जहां पर बदमाश प्रवृति के लोगो का जमावड़ा रहता है। जिसको लेकर समझाईश करने पर उसने पुलिस के साथ अभ्रदता का व्यवहार किया। सोशल मीडिया पर बना वीड़िया वायरल करके पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया है।

### राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# कोटा में आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवचयनित कार्मिकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की होगी शुरूआत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किराज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। युवाओं के रोजगार के सपनों को समयबद्ध भर्ती परीक्षा आयोजित कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं संकल्प पत्र में आमजन से किए गए वादों को पूरा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 29 मार्च (शनिवार) को कोटा के दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवचयनित कार्मिकों को नियुक्त पत्र प्रदान कर उनसे संवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा इस कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का शुभारंभ करेंगे। साथ ही, पठन दक्षता के आकलन एवं उपचार हेतु एआई आधारित ऐप का शुभारंभ, विद्यार्थी उपस्थित ऐप का शुभारंभ, ऑन डिमांड परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने एवं 1 जुलाई, 2025 से ऑन डिमांड परीक्षा के शुभारंभ की घोषणा करेंगे। शर्मा कार्यक्रम में डिजिटल प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करने के साथ ही विद्यार्थियों को बैग एवं यूनिफॉर्म की भी डीबीटी करेंगे। वहीं, अटल ज्ञान केन्द्र के दिशा-निर्देश भी जारी करेंगे।

शर्मा प्रदेश के युवाओं के लिए स्किल नीति एवं युवा नीति का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रूपये की सहायता हेतु योजना के दिशा-निर्देश, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन हेतु दिशा-निर्देश, नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। कोटा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम से पूर्व जयपुर में 'रन फॉर फिट राजस्थान' एवं रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट

## राजस्थान में सड़क, परिवहन और राजमार्ग परियोजनाओं के विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राजस्थान में सड़कों के विकास और आधारभूत संरचना के उन्नयन संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में जयपुर रिंग रोड, जोधपुर रिंग रोड, उदयपुर रिंग रोड आदि की डीपीआर के आदेश अगले महीने जारी किए जाने, जैसलमेर और बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-70 और राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के मौजूदा कनेक्शन को मजबूत और चौड़ा करने, राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के म्याजलार-जैसलमेर खंड और मुनाबाव-तनोट के सुंदरा म्याजलर अंबासिंह की ढाणी रोड भाग को पक्की सड़क के साथ 2-लेन का मजबूत और चौड़ा करने के लिए 1237.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष में राजस्थान के 5 हजार करोड़ के कार्य वार्षिक योजना में शामिल किए जाएंगे। सी.आर.आई.एफ. योजना में राज्य को 1500 करोड़ रू. मिलेंगे। भरतपुर रिंग रोड, एलिवेटेड रोड, और ब्रज चौरासी परिक्रमा तथा जयपुर-जोधपुर-पचपदरा रोड की डीपीआर के कार्य अगले महीने शुरू होंगे। जयपुर-सीकर रोड का कार्य तेज गति से पूर्ण किया जाएगा तथा खाटू श्याम जी रिंग रोड एवं अन्य सुविधा विकसित करने के लिए डीपीआर के कार्य आदेश जल्द दिए जाएंगें, जयपुर-किशनगढ़ हाईवे के सुदृढ़ीकरण हेतु डीपीआर तैयार की जाएगी।

### जयपुर दिल्ली पुराने हाईवे का कार्य जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जयपुर से दिल्ली और दिल्ली से जयपुर आने जाने वाले यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जुलाई तक पुराने हाईवे के कार्य को पूरा कर दिया जाएगा तथा शाहपुरा बाईपास के लिए डीपीआर के आदेश जल्द दिए जाएंगे और देसूरी की नाल पर डीपीआर का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा और तत्पश्चात कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं से राजस्थान में सड़क नेटवर्क का सुधार होगा, जिससे राज्य में यात्रा की सुविधा बेहतर होगी और आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

### राजस्थान आईटी डे-2025

# सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर: कर्नल राठौड़

## आरआईसी में दो दिवसीय समारोह का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन समारोह शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए भारत की ओर देख रही है। भारत में कम कीमत पर उच्च तकनीक की उपलब्धता इसे दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बनाती है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि आईटी आज लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैए जिससे कम समय में अधिक दक्षता के साथ काम करना संभव हुआ है। आज मेडिकल, स्पेस साइंस, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में आईटी ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है। प्रदेश में भी आईटी की मदद से जन कल्याणकारी योजनाएं आमजन तक कम समय में पारदर्शिता के साथ पहुंचाई जा रही हैं।

### सरकार की पारदर्शिता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीता एक साल प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। मुख्यमंत्री की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के कारण राज्य सरकार आमजन की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ लेने के लिए सरकार के पास आना पड़ता थाए लेकिन अब आईटी के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार लाभार्थियों तक पहुंचेगी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि दो दिवसीय आईटी डे आयोजन में लगभग 3000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 75 से अधिक स्टार्टअप्स ने आईटी एक्सपो में अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया है। इस आयोजन ने राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक मंच प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक इंद्रपाल सिंह सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के विजन को साकार करने में एनआईसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जयपुर में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**जयपुर।** जयपुर में आज रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर सड़क पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। वक्फ अमेंडमेंट बिल 2024 के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने काली पट्?टी बांधकर नमाज अदा करने की अपील की थी। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया। इस दौरान कांग्रेस विधायक रफीक खान व अमीन कागजी और वक्फ बोर्ड चेयरमैन खानू खान बुधवाली भी नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। वे भी हाथ पर काली पट्टी बांधे दिखे।विधायक बोले- वक्फ बिल हमें मंजूर नहीं। विधायक रफीक खान ने कहा केंद्र सरकार मनमर्जी से इस तरह का वक्फ अमेंडेमेंट बिल लेकर आ रही है, जो हमें किसी भी हालत में मंजूर नहीं है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुस्लिम समाज के लोगों को ईद पर गिफ्ट बांट रहे हैं। दूसरी तरफ वक्फ में संशोधन के नाम पर मुस्लिम समाज के लोगों को डराया जा रहा है। नमाज में पहुंचे लोगों का कहना था कि हमारे बड़ों के कहने पर हम नमाज में काली पट्टी बांधकर आए हैं। उन्होंने बताया- सरकार जो वक्फ में संशोधन कर रही है, वह गलत है। इसी के विरोध में हम काली पट्टी बांधकर आए।

# जयपुर में 3.36 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में 3.36 करोड़ की साइबर ठगी मामले में पुलिस ने शातिर बदमाश को अरेस्ट किया है। ऑनलाइन शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर फॉड किया गया था। फर्जी सिमकार्ड के जरिए कॉन्टैक्ट कर 70-80 बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर रुपए ऐंठे गए। मामले में पुलिस आरोपी के साथी को पहले अरेस्ट कर चुकी है।

एडि.डीसीपी (क्राइम) कुंदन कंवरिया ने बताया साइबर ठगी में आरोपी विनय कुमार उपलापुवू (23) पुत्र मोहनराव निवासी अजीत सिंह नगर विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश को अरेस्ट किया है। परिवादी ने साइबर क्राइम थाने में नवंबर-2024 को केस दर्ज करवाया था। उसके साथ साइबर ठगों ने ऑनलाइन शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए करीब 3.36 करोड़ रुपए ठग लिए। वॉट्सऐप पर मैसेज भेजकर ऑनलाइन शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर रुपए ऐंठे गए। फेक सिमों का यूज कर 70-8 0 बैंक अकाउंट में रुपए डलवाए गए। साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को अरेस्ट किया। दूसरे आरोपी विनय कुमार के बैंक अकाउंट में करीब 1.43 करोड़ रुपए ट्रांसफर होना पाया गया। साइबर ठग विनय कुमार के मोबाइल नंबरों की सीडीआर की जांच कर आंध्रप्रदेश पुलिस की टीम को भेजा गया। बार-बार ठिकाने बदलने के साथ ही आरोपी अपने मोबाइल नंबर भी बदल रहा था। तकनीकी सहायता से पीछा करते हुए आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में घेराबंदी कर आरोपी विनय कुमार को पकड़ा गया। पुलिस टीम ने 25 मार्च को अरेस्ट कर ट्रांजिट वारंट पर उसे जयपुर लेकर आई।

ऑनलाइन शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर लोगों के साथ साइबर ठगी करते थे। सबसे पहले एक फेक वॉट्सऐप नंबर से कॉन्टैक्ट किया जाकर इंवेस्टमेंट के फेक विज्ञापनों के बारे में जानकारी देते। उसके बाद एक वेब पेज का लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन करवाकर शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट शुरू करवाते हुए विभिन्न बैंक अकाउंट में डिपोजिट करवाते। डिपोजिट रकम का लेन-देन वेब पेज पर शो करते है।

# शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पुलिस ने छात्रों को लात-घूंसों से पीटा

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के मंच पर आते ही छात्रों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने पहले विरोध कर रहे छात्रों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन जब छात्र नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने उनके बाल पकड़कर लात-घूंसों से पिटाई की। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के साथ मौजूद थे। छात्र संगठन एसएफआई का आरोप है कि विश्वविद्यालय के कुलपति आरएसएस का एजेंडा स्थापित करने के लिए संघ से जुड़े लोगों को न केवल बुला रहे हैं, बल्कि उन्हें सम्मानित भी कर रहे हैं।

कैलाशानंद गिरि के आश्रम में एपल के दिवंगत सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल ने महाकुंभ के दौरान कल्पवास किया था। स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा था एपल की मालकिन की पत्नी लॉरेन पॉवेल ने मुझसे दीक्षा ली और अपना नाम कमला रखा। छात्र संगठन ने मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि की योग्यता पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने तर्क दिया कि जो व्यक्ति सांसारिक जीवन त्याग चुका हो और जिसका जीवन अब केवल ध्यान और अध्यात्म तक सीमित हो, उसे शैक्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाना कहां तक उचित है। छात्र नेताओं ने यह भी पूछा कि कैलाशानंद गिरि का शिक्षा और समाज में क्या विशेष योगदान रहा है और आखिर किन मापदंडों के आधार पर उन्हें मुख्य अतिथि चुना गया है।


राजस्थान सरकार

## अपील

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #Rajasthan Diwas 2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।



भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार


# जयपुर में 78 गांवों को मिलेंगी शहरी सुविधाएं

## 30 साल बाद बदली नगर निगम की सीमा, 250 से घटकर 150 होंगे वार्ड



FILE PHOTO

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज की सीमा विस्तार के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने से अब जयपुर नगर निगम क्षेत्र में 3 उपखंडों के 78 नए गांव जुड़ गए हैं। इसके बाद जयपुर में फिर से वार्ड की सीमा बड़ी हो जाएगी। 30 साल बाद पहली बार जयपुर नगर निगम की सीमा का विस्तार किया गया है। दरअसल, पिछले दिनों जयपुर जिला निर्वाचन शाखा ने जयपुर नगर निगम क्षेत्र में 80 नए गांव जोड़ने का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजा था। स्वायत्त शासन निदेशालय की ओर से इस प्रस्ताव को यूडीएच मंत्री के पास भेजा गया था। यूडीएच मंत्री के साथ चर्चा के बाद प्रस्ताव में संशोधन किया गया और 78 गांवों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। यह विस्तार जयपुर के शहरी विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

### गांवों में जल्द होंगे विकास के काम

नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद इन गांवों में अब विकास के कार्यों को गति मिलेगी। गांवों में सीवरेज और ड्रेनेज की समस्या सबसे ज्यादा रहती है, जो अब शहरी सीमा में आने के बाद जल्द दूर होने की उम्मीद है। वर्तमान में इन गांवों में पंचायत समिति और जिला परिषद के स्तर पर विकास कार्य के लिए सीमित बजट आता है, लेकिन अब शहरी सीमा में शामिल होने के बाद अब यहां नगर निगम से विकास कार्य के लिए बजट आवंटित होगा।

### 250 वार्डों का पुनर्गठन हुआ, अब एक निगम में 150 वार्ड रहेंगे

इसके साथ ही जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर को मिलाकर 250 वार्डों का पुनर्गठन किया गया है। इस पुनर्गठन के तहत 150 नए वार्ड बनाए गए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों निगमों के लिए एक ही मेयर चुना जाएगा। जयपुर नगर परिषद से जयपुर नगर निगम का गठन साल 1994 में हुआ था। तब से अब तक जो राजस्व गांव और एरिया नगर निगम में शामिल था। उसमें विस्तार नहीं किया गया। हालांकि इस बीच जनसंख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए वार्डों का पुनर्गठन करके उनकी संख्या में इजाफा जरूर किया गया। 1994 में नगर निगम में 70 वार्ड बनाए गए थे। पहली बार साल 2004 में पुनर्गठन किया गया। वार्डों की संख्या 70 से बढ़ाकर 77 कर दी। साल 2014 में एक बार फिर वार्डों का पुनर्गठन करके संख्या 77 से बढ़ाकर 91 कर दी, लेकिन नगर निगम की सीमा का विस्तार नहीं किया गया।

### वार्डों की सीमाएं बदलेंगी

जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर को एक करके यहां मौजूद 250 वार्डों का पुनर्गठन करके अब नए 150 वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डों की सीमा का भी निर्धारण करके प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन प्रस्तावों पर आमजन से आपत्ति और सुझाव मांगने के लिए विज्ञप्ति जारी की है, जिस पर आमजन 17 अप्रैल तक अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com